उज्जैन
सोमवार
26
जनवरी, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-85
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

## शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को तीनों शंकराचार्यों का समर्थन



**जबलपुर।** 25 जनवरी को नर्मदा जन्मोत्सव के दिन द्वारका शारदा पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज जबलपुर पहुंचे। यहां वे विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। बातचीत करते हुए उन्होंने प्रयागराज में चल रहे शंकराचार्य विवाद को लेकर मुखरता से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा- 3 शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के समर्थन में हैं। प्रशासन उनका सर्टिफिकेट मांगने वाला कौन होता है। उसे कोई अधिकार नहीं। उन्होंने निर्दोष ब्राह्मणों के साथ जो निर्दयता से मारपीट की है।

## 27 जनवरी को दैनिक ब्रह्मास्त्र कार्यालय में अवकाश रहेगा




26 जनवरी गणतंत्रता दिवस पर अपने सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं और शुभचिंतकों को बधाई। दैनिक ब्रह्मास्त्र कार्यालय में दिनांक 27 जनवरी 2026 को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 28 जनवरी 2026 को प्रकाशित होगा।

-संपादक

## मैं दान-दक्षिणा के लिए साध्वी नहीं बनना चाहती : हर्षा रिछारिया



**प्रयागराज।** 'मैं दान-दक्षिणा के लिए साध्वी नहीं बनना चाहती, इसलिए अब मैं धर्म प्रचार के साथ एंकरिंग भी करूंगी, ताकि मुझे आर्थिक मदद मिल सके, मैं अपने दम पर आगे सनातन के लिए काम कर सकूं।' ये कहना है प्रयागराज महाकुंभ से चर्चा में आई हर्षा रिछारिया का। उन्होंने कहा- हमें युवा पीढ़ी को त्याग, साधना और तप दिखाना चाहिए। मगर आज हम उन्हें 4-5 करोड़ की लग्जरी गाड़ियां दिखा रहे हैं। इससे हम क्या संदेश देना चाहते हैं, धर्म के रास्ते पर चलो और करोड़ों कमाओ।

## बांग्लादेश में टेक्सटाइल मालिकों की फैक्ट्रियां बंद करने की धमकी

**ढाका।** बांग्लादेश की टेक्सटाइल इंडस्ट्री गंभीर संकट से गुजर रही है। टेक्सटाइल मिल मालिकों ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार जनवरी के अंत तक यार्न (धागे) के ड्यूटी-फ्री इंपोर्ट को खत्म नहीं करती, तो 1 फरवरी से देशभर की मिलों में काम बंद कर दिया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बांग्लादेश के कॉमर्स मंत्रालय ने नेशनल रेवन्यू बोर्ड को इंपोर्टेड यार्न पर ड्यूटी-फ्री सुविधा खत्म करने की सिफारिश की है। मिल मालिकों का कहना है कि भारत से आने वाला सस्ता धागा घरेलू बाजार में भर गया है, जिससे 12,000 करोड़ रुपये से अधिक का स्टॉक बिना बिका रह गया है।




# उज्जैन में पहली बार सीएम ने शिप्रा किनारे फहराया तिरंगा

### इंदौर, उज्जैन और भोपाल के आसपास के क्षेत्रों को जोड़कर मेट्रोपॉलिटन सिटी बना रहे

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

आज 77वां गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपने गृह नगर उज्जैन में हैं। उन्होंने कार्तिक मेला ग्राउंड पर तिरंगा फहराया। इसके बाद परेड की सलामी ली। यह पहला अवसर है, जब किसी मुख्यमंत्री ने शिप्रा तट पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

इस दौरान उन्होंने कहा- इंदौर, उज्जैन और भोपाल के आसपास के क्षेत्रों को जोड़कर मेट्रोपॉलिटन सिटी विकसित की जा रही है। सरकार ने डेढ़ लाख से अधिक लोगों को विधिक सहायता प्रदान की है। सांदीपनि आश्रम को भव्य रूप में विकसित किया जाएगा। साथ ही स्कूलों की ड्रॉप-आउट दर को शून्य प्रतिशत तक लाने का दावा किया गया है।

दरअसल, दो साल बाद इसी क्षेत्र में सिंहस्थ होगा। इसका मुख्य आयोजन कार्तिक मेला ग्राउंड के पास दत्त अखाड़ा और रामघाट पर होगा। ऐसे में सिंहस्थ मेला क्षेत्र को प्रमोट करने के उद्देश्य से इस बार गणतंत्र दिवस की परेड और मुख्य समारोह के लिए इसी क्षेत्र को चुना गया है।

वहीं बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने एक वीडियो जारी कर गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र और राम भक्ति एक-दूसरे के पूरक हैं। राष्ट्र की सुरक्षा से ही सनातन परंपराएं सुरक्षित रह सकती हैं।

## गणतंत्र दिवस विशेष

# अपने मौलिक कर्तव्य को लेकर कितने सजग हैं हम

ब्रह्मास्त्र ›› पं. राहुल शुक्ल.उज्जैन

विश्व के सबसे बड़े गणतंत्र के नागरिक होने पर हम सभी गौरवांवित महसूस करते हैं और संविधान की रक्षा करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी भी है। संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकार को लेकर तो हर भारतीय काफी सजग है, जागरूक है और कुछ कमी रह जाने पर शासन को कोसना और फिर प्रोटेस्ट करना एक आम बात हमारे देश मे देखने को मिलती है किन्तु क्या भारतीय लोग, भारतीय संविधान मे लिखित अपने मौलिक कर्तव्यों के प्रति भी उतने ही सजग और इमानदार हैं? यह प्रश्न हर भारतीय को आज गणतंत्र दिवस पर स्वयं से पूछना चाहिए और आत्मावलोकन करना चाहिए।

यहां हम सिर्फ एक मौलिक कर्तव्य पर ही विचार करें जो आज के परिदृश्य मे सबसे प्रासंगिक है वह है अनुच्छेद 51ए-जी में वर्णित पर्यावरण संरक्षण का कर्तव्य। इसके अनुसार हर भारतीय नागरिक को वनों, झीलों, नदियों, वन्यजीवों की रक्षा करना और जीवित प्राणियों के प्रति दया भाव रखना अनिवार्य है। भारतीय दण्ड संहिता की धारा 277 के तहत सार्वजनिक जलाशयों को दूषित करना दण्डनीय अपराध है। अभी हाल ही मे तेलंगाना राज्य मे 3000 आवारा कुत्तों को वहां की सरकार ने जहरीले इंजेक्शन द्वारा असमय ही मौत दे दी जो क्या संविधान के अनुरूप है। जीवित प्राणियों के प्रति दया भाव का मौलिक कर्तव्य ऐसे समय सिसकियां ले रहा होगा। रही बात नदी और जलाशय की रक्षा करने की तो कितने नागरिक नदी और जलाशय मे नादान लोगों को कचरा डालने से रोकने का साहस रखते हुए अपना मौलिक कर्तव्य निभा रहे हैं? हमारे शहर के प्राचीन धार्मिक महत्व के सप्त सागर मे से अधिकांश आज गंदगी और कचरे से आप्लावित होकर अपने अस्तित्व के लिए लड़ते जान पडते हैं। इनमे गोवर्धन सागर सबसे ज्यादा प्रदूषित है और अपनी नैसर्गिक पहचान खो रहा है। विष्णुसागर व नीलगंगा की दशा भी कमोबेश अच्छी नही है। शासन अपने स्तर पर इन जलाशयों के संरक्षण के प्रयास करता है पर जब तक आम जन की जनभागीदारी इन पर्यावरणीय संरक्षण मुहिम में नहीं होगा नतीजे उत्साहजनक नहीं हो सकते हैं। वर्तमान समय मे यदि हम पर्यावरण को लेकर सजग न हो पाएंगे तो प्रकृति के भयावह रौद्र रूप और पर्यावरणीय विभीषिका को झेलने के लिए तैयार रहें। संविधान निर्माताओं ने अपने विवेक व बुद्धि से भारतीय संविधान मे पर्यावरण संरक्षण को महत्वपूर्ण मानते हुए एक मौलिक कर्तव्य उल्लेखित किया है अब बारी हमारी है कि हम अपने इस मौलिक कर्तव्य को इमानदारी से निभाएं वही राष्ट्रहित और विश्व हित मे होगा क्योंकि वसुधैव कुटुंबकम हमारी पुरातन संस्कृति रही है और हम उसके संवाहक हैं। अमर रहे गणतंत्र हमारा।

## श्री महाकालेश्वर मंदिर में ध्वजारोहण

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासनिक कार्यालय में गरिमामय ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक एवं अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक द्वारा राष्ट्रीय ध्वज आरोहण गया।

इस अवसर पर प्रथम कौशिक ने समस्त देशवासियों, मंदिर के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित कीं तथा संविधान के मूल्यों को आत्मसात करते हुए कर्तव्यों के निर्वहन का संदेश दिया। ध्वजारोहण के समय महाकालेश्वर बैंड के द्वारा सुमधुर प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में मंदिर के अधिकारीगण, कर्मचारीगण, सुरक्षा कर्मी बड़ी संख्या में शामिल रहे। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर को आकर्षक तिरंगे रंगों की रोशनी एवं सज्जा से सजाया गया।

विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में सोमवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर तड़के चार बजे भस्म आरती के दौरान भगवान महाकाल का विशेष श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज के तीन रंगों से निर्मित रजत कमल से भगवान का अलौकिक श्रृंगार किया गया।



मंदिर परिसर को भी तिरंगे रंगों की विद्युत सज्जा से सजाया गया। भस्म आरती के लिए जैसे ही मंदिर के पट खुले, पंडा-पुजारियों ने गर्भगृह में स्थापित सभी देव प्रतिमाओं का विधिवत पूजन किया। इसके बाद भगवान महाकाल का जलाभिषेक किया गया और दूध, दही, घी, शक्कर और फलों के रस से बने पंचामृत से पूजन संपन्न हुआ।

## गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रपति ने 70 जांबाजों को वीरता पदकों से किया सम्मानित

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

राष्ट्र के 77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश की सीमाओं और आंतरिक सुरक्षा के लिए अदम्य साहस का परिचय देने वाले 70 सैन्य और सुरक्षा कर्मियों को वीरता पुरस्कारों से सम्मानित करने की घोषणा की है। इन पुरस्कारों में सबसे सर्वोच्च शांति कालीन सैन्य सम्मान 'अशोक चक्र' भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को प्रदान किया गया है। राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी आधिकारिक सूची के अनुसार, घोषित किए गए 70 पदकों में एक अशोक चक्र, तीन कीर्ति चक्र, 13 शौर्य चक्र, एक बार टू सेना मेडल (वीरता), 44 सेना मेडल (वीरता), छह नौ सेना मेडल और दो वायु सेना मेडल शामिल हैं। यह सम्मान उन जांबाजों को दिए गए हैं जिन्होंने अपनी ड्यूटी के दौरान देश की संप्रभुता और नागरिकों की रक्षा के लिए प्राणों की बाजी लगा दी। इनमें से छह वीरों को यह सम्मान मरणोपरांत प्रदान किया गया है, जो राष्ट्र के प्रति उनके सर्वोच्च बलिदान की गौरवगाथा को दशार्ता है। वीरता की इस सूची में थल सेना के मेजर अर्शदीप सिंह, नायब सूबेदार डोलेश्वर सुब्बा और वायु सेना के ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर को 'कीर्ति चक्र' से सम्मानित किया गया है।

ब्रह्मास्त्र
स्वागतम् 2026
तीन-तीन बहुरंगीय कैलेंडर




नए साल के तीन तरह के
निःशुल्क कैलेंडर जल्द आपके हाथों में
श्री राम लला मंदिर और श्री महाकाल पोस्टर कैलेंडर
11 दिसंबर के अंक के साथ निःशुल्क वितरित हो चुका है।
अब दो कैलेंडर बाकी पंचांग कैलेंडर और तिथि कैलेंडर
हॉकर से अपनी प्रति सुरक्षित करें और लेते रहे एक एक करके तीनों कैलेंडर
9977755777, 77710 90777, 9617957337, 9893047988, 0734 4041777, 0731 4085777

## खबर एक नजर...

### कार ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, 3 घायल

**उज्जैन।** ग्राम रूनिजा आनंदनगर फंटा पर बाइक पर सवार मोहनलाल पिता निर्भयसिंह कीर 46 साल निवासी आनंदनगर टेकरा की बाइक को कार क्रमांक एमपी 13 सीडी 9693 ने टक्कर मार दी। बाइक पर निर्भय के साथ उसकी पत्नी भूरीबाई और रिश्तेदार मीराबाई सवार थे। दुर्घटना में तीनों घायल हो गये। ग्रामीणों की मदद से तीनों घायलों को बड़नगर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां तीनों को उपचार के लिये भर्ती किया गया। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मोहनलाल की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। टक्कर मारने के बाद चालक कार लेकर भाग निकला था। जिसकी तलाश कार का नम्बर ट्रेस कर शुरू की गई है।

### राजस्थान पासिंग ट्रक में भरी थी हड्डियों की बोरियां

**उज्जैन।** मुजफ्फरपुर से चित्तौड़गढ़ होते हुए ब्यावरा की ओर जा रहे राजस्थान पासिंग ट्रक क्रमांक आरजे 06 जीएच 9761 में मवेशियों की हड्डियां भरी होने पर हिन्दूवादी संगठन ने इंदौर-नागदा बायपास मार्ग पर पीछा कर ट्रक को रोका। उसमें बोरियां भरी हुई थी। हड्डियां होने पर हंगामे की स्थिति बन गई। हड्डियों से भरा ट्रक पकड़ाने की खबर मिलते ही नीलगंगा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। चालक नृसिंह मीणा निवासी जामनगर नीमच और बद्रीचंद को हिरासत में लिया गया। ट्रक जप्त कर थाने लाया गया। जहां चालक ने बताया कि 471 बोरियां है, जिसकी बिल्टी पर पुलिस को दिखाई। चालक का कहना था कि हड्डियां मुजफ्फरपुर से भरी गई है, जिसे ब्यावरा स्थित गोंद फैक्ट्री में छोड़ा है। मामले में थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। हड्डियां किस पशु की है, इसका पता लगाने के लिये फारेंसिक लेब भेजा जायेगा।

### कैमरे की मदद से पकड़ाई परिवार की 3 महिला

**उज्जैन।** आगररोड बापूनगर में कॉस्मेटिक्स की दुकान से क्रीम की बोतल चोरी करने वाली 3 महिलाओं को पुलिस ने कैमरे की मदद से गिरफ्तार किया है। चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि बापूनगर में कॉस्मेटिक्स की दुकान से एक युवती द्वारा क्रीम की बोतल चोरी कर ली थी। दुकान संचालक ने कैमरे देखे तो युवती के साथ दुकान के बाहर खड़ी 2 महिला भी दिखाई दी। मामले की शिकायत दर्ज कराई गई और फुटेज सौंपे गये। जिसके आधार पर बापूनगर में रहने वाली तीनों महिलाओं को शनिवार शाम गिरफ्तार किया गया। उनकी निशानदेही पर क्रीम की बोतल भी बरामद की गई है। महिला मां-बेटी और रिश्तेदार होना सामने आई है। जिनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई कर जमानत पर रिहा किया गया है।

### वृद्ध की संदिग्ध हालत में मौत

**उज्जैन।** चिमनगंज थाना क्षेत्र के आगररोड स्थित शिवांश पैराडाईश से 55 साल के सत्यप्रिय पिता रामचरित्र यादव को रविवार शाम परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे थे। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि घर में अचेत अवस्था में पड़े थे। मामला संदिग्ध होने पर डॉक्टरों ने शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रख मामले की सूचना चिमनगंज थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मर्ग कायम किया है। सोमवार सुबह पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के बयान दर्ज किये जायेगें।

### टापरी में खेल रहे थे जुआ

**उज्जैन।** इंगोरिया स्थित लखन का ढाबा की टापरी में कुछ लोगों के जुआ खेलने की खबर पुलिस को मिली तो दबिश दी। मौके से 4 लोगों को हिरासत में लिया गया। जिनके पास से ताशपत्ती और नगद राशि बरामद की। प्रधान आरक्षक मुकेश कुमार मीणा ने बताया कि जुआ खेलने वालों के खिलाफ 13 जुआ एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है।

---

### कैमरे में दिखे 4 से 5 नकाबपोश, खेजी डॉग-फिगंर प्रिंट टीम पहुंची

# बदमाशों ने तोड़ी बोरेश्वर महादेव मंदिर में लगी दानपेटी







**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

ग्राम दंगवाड़ा में बोरेश्वर महादेव मंदिर में शनिवार-रविवार रात बदमाशों ने धावा बोला और दानपेटी तोड़कर दानराशि चोरी कर ली। सुबह मंदिर के पुजारी पहुंचे तो चोरी का पता चला। इंगोरिया थाना पुलिस के साथ खोजी डॉग, फिगंर प्रिंट टीम जांच के लिये मौके पर पहुंच गई थी। कैमरे में 3 से 4 बदमाश दिखाई दिये है।

इंगोरिया थाना प्रभारी दिपेश व्यास ने बताया कि ग्राम दंगावाड़ा में प्रसिद्ध बोरेश्वर महादेव मंदिर बना हुआ है। जिसके प्रागंण में दानपेटी लगी हुई है। रविवार सुबह पुजारी पूजा अर्चना के लिये पहुंचे तो उन्होने दानपेटी टूटी देखी। मंदिर में चोरी की खबर मिलने पर ग्रामीण भी एकत्रित हो गये। चोरी की सूचना पुलिस को मिलते ही जांच के लिये मौके पर पहुंची। पुजारी द्वारा स्पष्ट नहीं किया जा सका कि दानपेटी में कितनी राशि थी। तफ्तीश के लिये खोजी डॉग और फिगंर प्रिंट एक्सपर्ट टीम को बुलाया। खोजी डॉग मंदिर से कुछ दूरी पर जंगल क्षेत्र तक पहुंचा। फिलहाल मामले की जांच शुरू कर बदमाशों का पता लगाने के प्रयास किये जा रहे है। जल्द ही मामला ट्रेस कर खुलासा किया जायेगा।

**कैमरे में दिखे 3 से 4 बदमाश-** एसआई राजेन्द्रसिंह तोमर ने बताया कि मंदिर में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए है। जिसके फुटेज खंगालने पर सामने आया कि बदमाश 3 से 4 की संख्या में थे, जिनके चेहरों पर नकाब बंधा हुआ था। मंदिर प्रांगण में 2 बदमाशों ने प्रवेश किया था। जिन्होने दानपेटी तोड़कर उसमें रखी दानराशि थैली में भरी है। दोनों बदमाशों के साथ मंदिर के बाहर नजर रख रहे थे।
**ग्रामीणों में दिखाई दिया आक्रोश-** प्रसिद्ध बोरेश्वर महादेव मंदिर में हुई चोरी के बाद ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई थी। धार्मिक स्थल पर चोरी होने के चलते उनमें आक्रोश दिखाई दे रहा था। ग्रामीणों ने पुलिस से बदमाशों की जल्द गिरफ्तारी करने के साथ मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था का बेहतर करने की बात कहीं। थाना प्रभारी द्वारा जल्द बदमाशों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया गया।

---

# दुर्घटना में दादी-पोती की हुई मौत, चालक पुलिस हिरासत में

### जन्मदिन पर दर्शन करने जा रहे परिवार को हार्वेस्टर ने कुचला

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

नागदा के बायपास मार्ग पर रविवार दोपहर दर्दनाक हादसा हो गया। बेटी का जन्मदिन होने पर दादी और पिता हनुमान मंदिर दर्शन के लिये बाइक से निकले थे। रास्ते में हार्वेस्टर ने कुचल दिया। दादी-पोती की मौके पर मौत हो गई। पिता घायल हुआ है।

नागदा थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी ने बताया कि दोपहर 12.30 बजे के लगभग बायपास मार्ग आर्य पेट्रोल पंप के पास बाइक सवार परिवार को हार्वेस्टर चालक द्वारा कुचलने की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी। घटनास्थल पर 15 साल की बालिका और 65 साल की वृद्ध महिला की मौत होना सामने आया। बाइक चलाने वाला घायल हुआ था। सभी को अस्पताल पहुंचाया गया और घायल से पूछताछ कर जानकारी जुटाई गई। घायल ने अपना नाम विक्रांत पिता भोलेनाथ भारती 40 साल निवासी गर्वमेंट कालोनी बिरलाग्राम बताया। उसके साथ बेटी राशिका और मां पार्वती पति भोलेनाथ भारती होना सामने आये। घटनाक्रम की सूचना परिजनों को दी गई। इस दौरान सामने आया कि विक्रांत बिरलाग्राम गर्वमेंट फैक्ट्री में काम करता है। उसकी बेटी राशिका का आज जन्मदिन था। विक्रांत बेटी और अपनी मां के साथ हनुमान मंदिर दर्शन करने जा रहे थे। जन्मदिन पर हुई बेटी के साथ दादी की मौत से परिवार में दुःखों पहाड़ टूट पड़ा। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर पोती-दादी का पोस्टमार्टम कराया। दोपहर बाद दोनों की एक साथ अंतिम यात्रा निकाली गई। इस दौरान गर्वमेंट कालोनी में रहने वालों की आंखे नम हो गई थी।

**चालक पंजाब से लेकर आया था हार्वेस्टर**

थाना प्रभारी के अनुसार प्रारंभिक जांच में सामने आया कि हार्वेस्टर पंजाब की है, जिसका चालक भी पंजाब का रहने वाला है। उसने पीछे से बाइक को टक्कर मारी थी। जिसके चलते बाइक पर पीछे बैठी दादी और पोती गिर गये थे और हार्वेस्टर की चपेट में आ गये। बाइक चला रहा विक्रांत दूसरी ओर गिरने पर घायल हुआ है। घटनाक्रम के बाद हार्वेस्टर का जप्त कर चालक को हिरासत में लिया गया है। जो फसल कटाई से पहले पंजाब से हार्वेस्टर लेकर नागदा आया था।

---

# पंवासा मल्टी में 9 साल से अधूरे 3 ब्लॉक 8.75 करोड़ में होंगे पूरे, टेंडर निकाला

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**



पंवासा मल्टी प्रोजेक्ट में वर्षों से अवैध कब्जे और अधूरे निर्माण की वजह से काम रुका हुआ था। नगर निगम ने हाल ही में कार्रवाई कर करीब 40 फ्लैट्स को कब्जे से मुक्त कर स्वामित्व में ले लिया। मल्टी में कुल 8 ब्लॉक हैं, जिनमें से 3 ब्लॉक पिछले 9 सालों से अधूरे हैं और खंडहर होते जा रहे थे। इन ब्लॉकों में बुनियादी सुविधाएं जैसे दरवाजे-खिड़की और बिजली कनेक्शन भी नहीं बने थे।

नगर निगम ने अब इन अधूरे ब्लॉकों की मरम्मत और अन्य व्यवस्थाओं के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। कुल 8.75 करोड़ रुपए के विकास कार्य के प्रस्ताव के तहत टेंडर खोले हैं। अधिकारियों के अनुसार टेंडर के बाद छह माह में तीनों ब्लॉक के अधूरे काम पूरे कर लिए जाएंगे। इसके बाद लगभग 25 हितग्राहियों को यहां आवास मिल सकेगा।

**2016 में ठेकेदार ने अधूरा छोड़ दिया था काम-** बाकी 5 ब्लॉकों में भी लंबे समय से अवैध कब्जा था, जिसे हटाने का काम जारी है। इन ब्लॉकों में काम पूरा होने के बाद करीब 100 लोगों को नए आवास मिलने की संभावना है। जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण योजना के तहत 2008 में 17.56 करोड़ रुपए से यह मल्टी बनाना शुरू हुआ था।

2016 तक प्रोजेक्ट चलता रहा, लेकिन बाद में ठेकेदार ने अधिक राशि की मांग कर काम छोड़ दिया। कुछ मकानों का वितरण कर दिया, जबकि बाकी खाली रहने पर लोग कब्जा कर बैठे, जिस पर शिकायतों के बाद आखिरकार कार्रवाई जारी है। महापौर मुकेश टटवाल ने बताया कि कार्य जल्द पूर कर, पात्र हितग्राहियों को यहां आवास दिया जाएगा।

---

### अवंतिका एक्सप्रेस में चढ़ने का प्रयास युवक को पड़ा भारी

# गिरने से लगी गंभीर चोट, आरपीएफ ने पहुंचाया अस्पताल

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

अवंतिका एक्सप्रेस ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रहा युवक गिर गया। हादसा देख कुछ लोगों ने उसे उठाया लेकिन कमर में चोट लगी थी। आरपीएफ की टीम में घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया है।

बताया जा रहा है कि गुजरात के बलसाड का रहने वाला गौतम पिता भिभाराम माली 34 साल रविवार शाम प्लेटफार्म नंबर पांच पर आई अवंतिका एक्सप्रेस में रुकने से पहले ही चढ़ने का प्रयास कर रहा था इस दौरान अचानक गिर पड़ा। ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच गिरने पर उसे चोट लगी वह ट्रेन की चपेट में आता उससे पहले ही मौजूद कुछ यात्रियों ने उसे बचा लिया। प्लेटफार्म पर मौजूद आरपीएफ



की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घायल को स्ट्रेचर पर प्लेटफार्म से बाहर लाया गया, उसे उपचार के लिए ऑटो से चरक अस्पताल भेजा गया जहां डॉक्टरों ने उपचार के लिए भर्ती किया है। बताया जा रहा है कि घायल गौतम परिवार के साथ धार्मिक यात्रा पर आया था। वापस लौट के दौरान वह प्लेटफार्म पर पहुंचा था, ट्रेन का स्टॉपेज होने से पहले ही वह रनिंग ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रहा था।

**भीड़ अधिक स्टॉपेज का समय कम**

महाकाल लोक बनने के बाद धार्मिक नगरी उज्जैन में प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। शनिवार और रविवार का अवकाश होने के साथ सोमवार को गणतंत्र दिवस की छुट्टी होने पर देश भर के श्रद्धालुओं का उज्जैन आगमन हो रहा है। अधिकांश लोग ट्रेन का सफर कर उज्जैन पहुंच रहे हैं और ट्रेन से ही वापस अपने गंतव्य की ओर जा रहे हैं। रविवार को रेलवे स्टेशन के सभी प्लेटफार्म पर काफी भीड़ थी। जानकारी सामने आई है कि इंदौर की ओर से आने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों का स्टॉपेज समय कम होने पर उतरने वाले यात्री भी जल्दबाजी में रहते हैं और जाने वाले यात्री भी ट्रेन में चढ़कर सीट रिजर्व करने का प्रयास करते समय स्टॉपेज होने से पहले ही चढ़ने की कोशिश करते हैं। पूर्व में भी कुछ हादसे होना सामने आ चुके हैं। रविवार को भी हुआ हादसा कम समय और जल्दबाजी में चढ़ने के चलते होना सामने आया है।

उज्जैन
सोमवार
26
जनवरी, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

पुत्रपौत्रधनं धान्यं हस्त्यश्वाश्वतरी रथम्। प्रजानां भवसि माता आयुष्मन्तं करोतु मे॥
अर्थः आप प्राणियों की माता हैं। मेरे पुत्र, पौत्र, धन, धान्य, हाथी, घोड़े, खच्चर तथा रथ को दीर्घ आयु से सम्पन्न करें।

# गणतंत्र दिवस पर उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने किया ध्वजारोहण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह आज नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया गया। समारोह में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने ध्वजारोहण किया। समारोह में परेड के साथ राज्य शासन की योजनाओं, कार्यक्रमों और उपलब्धियों पर आधारित झांकियां निकाली गई। परेड का नेतृत्व सहायक पुलिस आयुक्त कुंदन मंडलोई करेंगे, जबकि उनका अनुकरण टीयूआईसी सूबेदार राजू सांवले ने किया।

परेड में आरएपीटीसी, विशेष सशस्त्र बल की विभिन्न वाहिनियां, जिला पुलिस (पुरुष-महिला), होमगार्ड, यातायात पुलिस, एनसीसी, स्काउट-गाइड, रेडक्रॉस, एसपीसी और सृजन दल सहित कई प्लाटून शामिल हुए। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों और संस्थाओं को सम्मानित भी किया किया गया।

इससे पहले, पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह और कलेक्टर शिवम वर्मा ने नेहरू स्टेडियम पहुंचकर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं राष्ट्रीय पर्व की गरिमा और सुरक्षा मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं। इस दौरान नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, एडिशनल पुलिस कमिश्नर अमित सिंह, आरके सिंह, अपर कलेक्टर पवार नवजीवन विजय, रोशन राय, रिंकेश वैश्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। विभिन्न प्लाटूनों ने बैंड की धुन पर मार्च पास्ट का अभ्यास किया, वहीं स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी रिहर्सल हुआ।



## गणतंत्र दिवस को लेकर शहर में हाई अलर्ट, मॉल-होटल में सघन तलाशी

गणतंत्र दिवस के मद्देनजर इंदौर शहर में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है। बम डिस्पोजल स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड ने क्षेत्रीय थाना स्टाफ के साथ शहर के प्रमुख मॉल, होटल और लॉज में सघन तलाशी अभियान चलाया।

टीम ने सेंट्रल मॉल सहित अन्य व्यवसायिक परिसरों में दुकानों, पार्किंग और खड़े वाहनों की बारीकी से जांच की। इस दौरान डीसीपी जोन-3 राजेश व्यास और एसीपी तुषार सिंह मौके पर मौजूद रहे और पूरे अभियान की निगरानी करते रहे।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गणतंत्र दिवस के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए शहर के सभी सार्वजनिक स्थलों पर इसी तरह की सघन जांच आगे भी जारी रहेगी। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या वस्तु की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## खबर एक नजर...

### भागीरथपुरा में बुजुर्ग ने दम तोड़ा, स्वास्थ्य विभाग ने बताई पुरानी बीमारी

**इंदौर।** भागीरथपुरा में दूषित पानी से मौतों का सिलसिला नहीं थम रहा है। शनिवार को उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद भर्ती किए गए कांग्रेस वार्ड अध्यक्ष और रिटायर्ड शिक्षक राजाराम बौरासी (75) की रविवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं प्रशासन इस मौत का कारण भी उल्टी-दस्त नहीं, बल्कि अन्य गंभीर बीमारियां होना बता रहा है। परिजन ने बताया कि राजाराम बौरासी को शुक्रवार को उल्टी-दस्त की शिकायत हुई थी। पहले उन्हें स्थानीय डॉक्टर को दिखाया गया, लेकिन आराम नहीं मिला। इसके बाद शनिवार सुबह उन्हें सरकारी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया। रविवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। बीमारों की मदद में रहते थे सक्रिय : भागीरथपुरा में जब दूषित पानी से लोग बीमार होने लगे, तभी से राजाराम बौरासी खुद मोर्चा संभाले हुए थे। वे बीमार लोगों को अस्पताल पहुंचाने और डॉक्टरों को घरों तक ले जाने में सक्रिय थे। उनकी अंतिम यात्रा के दौरान क्षेत्र में शोक का माहौल रहा। लोग यही कहते नजर आए कि एक दिन पहले तक जिन्हें मदद करते देखा था, आज वही अर्थी पर हैं।

### युवती की हत्या, 200 से ज्यादा कैमरे खंगाले

**इंदौर।** इंदौर के बाणगंगा में शुक्रवार को गायत्री कुर्मी की हत्या के मामले में पुलिस को एक्टिवा से आए दो आरोपियों पर ही शंका है। आरोपी हत्याकांड के पहले और बाद के समय इलाके में दिखे हैं। पुलिस अब तक 200 से ज्यादा कैमरे खंगाल चुकी है। वही लोकेशन के हिसाब से आगे बढ़ रही है। बाणगंगा में सिक्योरिटी गार्ड महिला की हत्या के मामले में पुलिस लगातार आरोपियों की सर्चिंग कर रही है। पुलिस को सबसे पहले घर के पास दो संदिग्ध स्कूटर सवार दिखे थे। जो घर से कुछ दूरी पर गायत्री के घर के आसपास दिखे थे। लेकिन उनके फुटेज धुंधले थे। इसके बाद फिर से दोनों आरोपी वहां से आगे की लोकेशन पर दिखाई दिए। पुलिस जवानों ने गायत्री के घर की तरफ आने जाने वाले सभी रास्तों के फुटेज चेक किए हैं। दोनों स्कूटर सवारों पर ही पुलिस की निगाहें टिकी हुई हैं। उन्होंने हत्याकांड को बड़े ही शातिर तरीके से अंजाम दिया है। गायत्री की आखिरी समय रात में ही बात हुई थी। घटना के पहले और बाद में उसके मोबाइल रिसीव कॉल नहीं था। एक दो दिन में डिटेल आने के बाद पुलिस को और दिशा मिल जाएगी। पुलिस के मुताबिक हत्यारे स्थानीय ही है। वह नंदबाग इलाके से बाहर नहीं निकले हैं। हत्याकांड को लेकर आसपास भी डिटेल खंगाली जा रही है। जल्द इस हत्याकांड से पर्दा उठाया जाएगा।

### वेबसाइट देखना अभ्यर्थी की जिम्मेदारी, दस्तावेज देर से देने पर राहत नहीं

**इंदौर।** हाई कोर्ट ने साफ शब्दों में कहा है कि किसी भी भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने वाला अभ्यर्थी आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी होने वाली हर सूचना, संशोधन और निर्देश पर नियमित नजर रखने के लिए स्वयं जिम्मेदार होता है। इसमें चूक होने पर बाद में कोई राहत नहीं दी जा सकती। यह टिप्पणी जस्टिस जय कुमार पिल्लई की एकल पीठ ने सहायक प्राध्यापक (वनस्पति विज्ञान) पद के लिए आवेदन करने वाली अभ्यर्थी की याचिका खारिज करते हुए की। याचिकाकर्ता अनुराधा अनुसूचित जनजाति वर्ग से संबंधित है, जिसने लोक सेवा आयोग द्वारा 30 दिसंबर 2022 को जारी विज्ञापन के तहत आवेदन किया था। इस विज्ञापन में कुल 126 पद घोषित किए गए थे। विज्ञापन की शर्तों के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों को 25 अक्टूबर 2024 तक दस्तावेज सत्यापन के लिए प्रस्तुत करना अनिवार्य था, अन्यथा उम्मीदवारी स्वतः निरस्त की जाना थी।

# दूषित पानी से कांग्रेस के वार्ड अध्यक्ष की मौत

## इंदौर में मृतकों का आंकड़ा 28 पर पहुंचा, दो और मरीजों की हालत गंभीर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में दूषित पानी से 28वीं मौत हुई है। भागीरथपुरा निवासी रिटायर्ड शिक्षक राजाराम बौरासी (75) ने रविवार को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बौरासी कांग्रेस के वार्ड अध्यक्ष भी थे।

परिजन ने बताया कि राजाराम बौरासी को शुक्रवार को उल्टी-दस्त की शिकायत हुई थी। हालत बिगड़ने पर पहले स्थानीय डॉक्टर को दिखाया गया, लेकिन आराम नहीं मिला। इसके बाद शनिवार सुबह उन्हें सरकारी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां रविवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उधर, स्वास्थ्य विभाग ने कहा- 2018-19 की एंजियोग्राफी



रिपोर्ट के अनुसार राजाराम बौरासी हृदय रोग से पीड़ित थे। उन्हें हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज की समस्या भी थी। उपलब्ध चिकित्सकीय दस्तावेजों में उल्टी-दस्त की पुष्टि नहीं होती है। फिलहाल, दूषित पानी से बीमार 10 लोग सरकारी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में भर्ती हैं, जिनमें से 4 आईसीयू में हैं। इनमें से एक महिला और एक पुरुष मरीज की स्थिति चिंताजनक है।

**प्रशासन और स्थानीय लोगों के बीच समन्वय बनाया था-** राजाराम बौरासी लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन विकास समिति और रेलवे पुलिस सुरक्षा समिति के सक्रिय सदस्य भी थे। भागीरथपुरा में दूषित पानी से हालात बिगड़े तो उन्होंने प्रशासन और रहवासियों के साथ समन्वय बनाने का काम किया। कांग्रेस द्वारा किए गए प्रदर्शनों में शामिल रहे। स्थानीय लोगों के अनुसार, संकट की घड़ी में बौरासी ने पीड़ित परिवारों की आवाज शासन तक पहुंचाने में अहम योगदान दिया। वे प्रदेशभर के अनुदान प्राप्त विद्यालयों के शिक्षकों के अधिकारों की लड़ाई लड़ते रहे।

**दो दिन में दो लोगों ने तोड़ा था दम-** इससे पहले शुक्रवार को ही 63 साल के बद्री प्रसाद ने दम तोड़ा था। बेटे शैलेंद्र ने बताया कि उन्हें 4 जनवरी को उल्टी-दस्त के कारण एमवाय अस्पताल में एडमिट किया था। वहां चार दिन रहने के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया था। 17 जनवरी को हालत खराब होने पर अरबिंदो अस्पताल ले गए। शुक्रवार दोपहर को मौत हो गई।

# डिवाइडर-ग्रीन बेल्ट संवारने 24 संस्थाएं आगे आईं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

शहर का दायरा बढ़कर 276 वर्ग किलोमीटर हो चुका है। इस पूरे क्षेत्र में सड़कों के डिवाइडर, ग्रीन बेल्ट, पार्क और हरियाली की देखरेख की जिम्मेदारी उद्यान विभाग के महज 222 कर्मचारियों पर है। निगम क्षेत्र में 269.15 किमी डिवाइडर और 93.57 किमी ग्रीन बेल्ट की नियमित देखभाल की जा रही है, लेकिन स्टाफ नाकाफी है। इसी के चलते निगम ने डिवाइडर और ग्रीन बेल्ट गोद देने की पॉलिसी बनाई है। अब तक 64 आवेदन मिले हैं। इनमें से 24 संस्थाओं के साथ बात हो चुकी है। इन संस्थाओं को छायादार और फूल वाले पौधे लगाना होंगे, उनकी देखभाल भी करना होगी। इसी को लेकर महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में बैठक हुई। उद्यान प्रभारी राजेन्द्र राठौर और अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर आदि मौजूद थे। क्वींस कॉलेज के सामने साईं बाग कॉलोनी से खंडवा नाका तक- बापट चौराहा से बीसीसी तक। सुविधा नगर मेन रोड पर स्थित छोटा उद्यान एमबी खालसा एज्युकेशन सोसायटी के सामने न्यू रानीबाग कॉलोनी स्थित उद्यान 02, माणिकबाग ब्रिज चौकी से उद्यम सिंह चौराहा तक भगवानदीन नगर सपना-संगीता के पास का उद्यान।

## डीएवीवी का दीक्षांत समारोह फरवरी में, राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि

# 214 मेडल दिए जाएंगे, 250 से अधिक शोधार्थियों को मिलेगी पीएचडी डिग्री

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय (डीएवीवी) का दीक्षांत समारोह 16 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। समारोह में शैक्षणिक सत्र 2023-24 और 2024-25 के मेधावी विद्यार्थियों को एक साथ सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल एवं कुलाधिपति मंगु भाई पटेल रहेंगे।

कुलगुरु डॉ. राकेश सिघई और रजिस्ट्रार प्रज्वल खरे ने अधिकारियों के साथ बैठक कर दीक्षांत समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि मेधावी विद्यार्थियों की सूची तीन




दिन के भीतर पोर्टल पर अपलोड की जाए। दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए विद्यार्थियों और शोधार्थियों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा। पंजीयन प्रक्रिया 25 जनवरी से शुरू होकर 15 दिन तक चलेगी। रजिस्ट्रेशन के दौरान विद्यार्थियों को निर्धारित ड्रेस कोड (मालवी पगड़ी, अंगवस्त्र और खादी जैकेट) के लिए तय शुल्क भी जमा करना होगा।

**बजट निर्धारण के लिए चार सदस्यीय समिति गठित-** समारोह के बजट निर्धारण के लिए विश्वविद्यालय ने चार सदस्यीय वित्तीय समिति का गठन किया है। समिति खर्च का विस्तृत एस्टीमेट तैयार करेगी, जिसे जनवरी के अंतिम सप्ताह में होने वाली कार्यपरिषद (ईसी) की बैठक में मंजूरी के लिए रखा जाएगा। बजट स्वीकृत होते ही टेंडर प्रक्रिया और अन्य व्यवस्थाएं शुरू की जाएंगी।

**250 से अधिक शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि-** दीक्षांत समारोह में 250 से अधिक शोधार्थियों को पीएचडी की डिग्री प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही बीकॉम, बीएससी, एमकॉम, एमबीए, एलएलबी, एमएससी सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों को डिग्रियां दी जाएंगी। समारोह में कुल 214 मेडल प्रदान किए जाएंगे। इनमें 192 गोल्ड और 22 सिल्वर मेडल शामिल हैं। 2023-24 और 2024-25 सत्र 96 विद्यार्थियों को गोल्ड और 11 विद्यार्थियों को सिल्वर मेडल दिए जाएंगे।

**5 नए मेडल अगले सत्र से मिलेंगे-** विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, पिछले वर्ष घोषित किए गए 5 नए पदक इस बार नहीं, बल्कि अगले सत्र के दीक्षांत समारोह में वितरित किए जाएंगे। प्रशासन का मानना है कि यह आयोजन विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए प्रेरणादायक साबित होगा।

## खबर एक नजर...

### एमएलए नाइट टूनार्मेंट में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**उज्जैन।** एमएलए नाइट टूनार्मेंट में क्वार्टर फाइनल मुकाबले मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। अतिथि के रूप में मौजूद सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष पंकज जायसवाल, संस्था लक्ष्य के अध्यक्ष असलम लाला, वरिष्ठ समाज सेवी नवेद खान, सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी के मार्गदर्शक इकबाल उस्मानी, आसिफ खान, सोहेल कुरेशी, टूनार्मेंट संयोजक इरशाद कुरैशी, कॉमेंटेटर शफीक खान एवं पूरी आयोजन समिति ने खिलाडियों को सम्मानित किया।

### लायंस ऑफ उज्जैन का सम्मान समारोह आज

**उज्जैन।** लायंस इंटरनेशनल लायंस ऑफ उज्जैन डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-2, वर्ष 2025-26 द्वारा आज 26 जनवरी को 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमजेएफ लायन प्रवीण वशिष्ठ मुख्य वक्ता श्रीपाद जोशी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, उज्जैन विभाग कुटुंब प्रबोधन गतिविधि संयोजक होंगे। आज 26 जनवरी, सोमवार को सुबह 10.55 बजे शर्मा परिसर, देवास रोड़ पर ध्वजारोहण किया जाएगा। तत्पश्चात सम्मान समारोह आयोजित होगा जिसमें डॉ सुशील गुप्ता, सुधा बाहेती, डॉ. संतोष चंदवानी का विशिष्ट सेवाएं हेतु सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक लायन राकेश शर्मा, सह समन्वयक लायन डॉ. गौतम शर्मा, लायन डॉ. वैशाली शुक्ला सह समन्वयक ने सभी साथियों से समारोह में पधारने का अनुरपोध किया साथ ही अनुरोध किया कि अपने-अपने क्लब का बैनर साथ में लावे।

### नपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति चौपड़ा ने गणतंत्र दिवस की बधाई दी

नीमच। नगरपालिका परिषद्, नीमच की अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चौपड़ा ने राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहरवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए सभी से देश प्रेम की भावना से सरोबार होकर राष्ट्र के नवनिर्माण व नीमच शहर के चहुँमुखी विकास में सहभागी बनने का आह्वान किया है।

### अग्रवाल जेसिस ने गजलक्ष्मी मंदिर पर कुलदेवी का किया सोलह श्रृंगार

# वैज्ञानिक सत्र के साथ हुई सांस्कृतिक संध्या, दिया सम्मान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



आर.डी. गार्डी मेडिकल कॉलेज के रजत जयंती समारोह के अवसर पर शैक्षणिक उत्कृष्टता, सम्मान समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रभावशाली संगम देखने को मिला।

प्रातः ह्लस्क्रीनिंग,इम्मुनोथेरपी एंड सेलुलर थेरेपी इन ऑन्कोलॉजीः करंट लैंडस्केप, चैलेंजेज एंड व्हाट'स नेक्स्टह्वविषय पर वैज्ञानिक सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें चिकित्सा क्षेत्र के विशेषज्ञों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। यह सत्र प्रातः 8:45 से 11:00 बजे तक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत एवं उद्घाटन वक्तव्य से हुई। इसके पश्चात देश के प्रतिष्ठित कैंसर विशेषज्ञों ने ऑन्कोलॉजी के उभरते क्षेत्रों पर अपने विचार साझा किए। डॉ. कुमार प्रभाष ने भारतीय परिप्रेक्ष्य में इम्यूनोथेरेपी की भूमिका, इसकी उपलब्धियों एवं व्यवहारिक चुनौतियों पर विस्तृत व्याख्यान दिया। डॉ. सेवंती लीमेय ने कैंसर स्क्रीनिंग की नवीन विधियों पर प्रकाश डालते हुए प्रारंभिक पहचान के महत्व को रेखांकित किया।

डॉ. अर्का घोष ने जीन थेरेपी के सिद्धांत, अब तक की प्रगति तथा इससे जुड़ी सीमाओं और संभावित जोखिमों पर सारगर्भित प्रस्तुति दी। सत्र का प्रमुख आकर्षण एडॉप्टिव सेल थेरेपी पर आयोजित पैनल चर्चा रही, जिसमें कैंसर देखभाल के लिए प्रभावी इकोसिस्टम विकसित करने पर गहन विचार-विमर्श हुआ।

पैनल चर्चा का संचालन डॉ. प्रशांत कुमार ने किया, पैनलिस्ट के रूप में डॉ. कुमार प्रभाष, डॉ. सेवंती लीमेय , डॉ. अर्का घोष, डॉ. दिनेश पेंढारकर एवं डॉ. अमोल पटेल ने भाग लिया। चर्चा के दौरान भारत में उन्नत कैंसर उपचार तकनीकों की उपलब्धता, लागत, प्रशिक्षण तथा अनुसंधान की आवश्यकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार व्यक्त किए गए।इस वैज्ञानिक सत्र में बड़ी संख्या में चिकित्सकों, शिक्षकों, स्नातकोत्तर विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने भाग लिया। सत्र ने ऑन्कोलॉजी के क्षेत्र में नवीन उपचार विधियों की समझ को सुदृढ़ करने तथा भविष्य की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

रजत जयंती समारोह के अंतर्गत नव निर्मित नादब्रह्म कन्वेंशन सेंटर का भव्य उद्घाटन मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन जी यादव , अध्यक्षता पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं सामाजिक एवं न्याय मंत्रालय डॉ. सत्यनारायण जी जटिया एवं विशिष्ट अतिथि टाटा मेमोरियल अस्पताल, मुंबई के डायरेक्टर मेडिकल ऑन्कोलॉजी डॉ. कुमार प्रभाष द्वारा किया गया। यह वातानुकूलित कन्वेंशन सेंटर मे 1400 व्यक्तियों के बैठने की व्यवस्था एवं अत्याधुनिक साउंड एंड लाइट सिस्टम से सुसज्जित है। इसके साथ साथ यहाँ आठ हाल कन्वर्सेशन सेंटर में जिसमें ढाई सौ व्यक्ति की कैपेसिटी रहेगी

अतिथियों का स्वागत आर.डी. गार्डी मेडिकल कॉलेज के पदाधिकारियों एवं शिक्षकों द्वारा किया गया। डीन महोदय द्वारा स्वागत भाषण दिया गया, वहीं डॉ. वी. के. महाडिक ने ह्यडाउन द मेमोरी लेन सत्र में संस्थान की विकास यात्रा को साझा किया। डॉ. सुधीर गावरिकर ने आर.डी. गार्डी मेडिकल कॉलेज की विकास यात्रा और चिकित्सा शिक्षा में इसके योगदान को रेखांकित किया।स्मारिका एवं एआई डॉक्टर का उद्घाटन समारोह भी इस अवसर का विशेष आकर्षण रहा। एआई डॉक्टर एक अर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बेस्ड टूल है, जहा गांव मे डॉक्टर नहीं है वह बहुत उपयोगी सिद्ध होगा। भविष्य के आर.डी. गार्डी मेडिकल कॉलेज कैंसर ट्रीटमेंट की नई विधाएँ जैसे कार टी सेल का उत्पादन एवं सेल थेरेपी से ट्रीटमेंट शुरू करने जा रहा है ।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि डॉ. मोहन यादव ने चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में आर.डी. गार्डी मेडिकल कॉलेज के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान न केवल प्रदेश बल्कि देश के स्वास्थ्य ढांचे को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने नादब्रह्म कन्वेंशन सेंटर की भव्यता की तारीफ की और पूरे वर्ष का कैलेंडर बनाने के लिए आग्रह किया जिससे उज्जैन में होने वाले बड़े कार्यक्रम भी यहां हो सके जो छात्र मेडिसिन की पढ़ाई करना चाहते हैं परंतु आर्थिक तंगी की वजह से नहीं कर पाते उन्हें मध्यप्रदेश सरकार की और से उन्हें लोन की सुविधा दी जाएगी अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. सत्यनारायण जटिया ने कॉलेज की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की विकास यात्रा को उल्लेखनीय बताया और नादब्रह्म कन्वेंशन सेंटर को शैक्षणिक एवं अकादमिक गतिविधियों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

# आर.डी. गार्डी मेडिकल कॉलेज में रजत जयंती के अवसर पर एलुमनाई मीट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आर.डी. गार्डी मेडिकल कॉलेज में रजत जयंती अवसर पर एलुमनाई मीट का शुभारंभ शनिवार को अत्यंत उत्साह और उल्लास के साथ हुआ। देश-विदेश से आए पूर्व छात्रों, शिक्षकों और वर्तमान विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति ने पहले दिन के आयोजन को स्मरणीय बना दिया।

प्रातः कार्यक्रम की शुरूआत पंजीयन एवं स्वागत से हुई। इसके पश्चात एलुमनाई वॉकाथॉन का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व छात्रों ने संस्थान से जुड़ी अपनी स्मृतियों को साझा किया। कॉलेज, हॉस्टल एवं अस्पताल भ्रमण के माध्यम से प्रतिभागियों को संस्थान की शैक्षणिक, आवासीय एवं चिकित्सकीय प्रगति से अवगत कराया गया।

दोपहर सत्र में मेडिकल डायरेक्टर डॉ. वी. के. महाडिक, डीन डॉ मिलिंद शिरालकर, एलुमनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ गौतम भागवत, डॉ. आशुतोष कुमार, डॉ. संजीव श्रीवास्तव, डॉ. कुमार प्रभाष, संध्या श्रीवास्तव द्वारा स्वागत संबोधन दिए गए। इसके बाद विभिन्न बैचों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें समूह नृत्य, नाट्य प्रस्तुति एवं समूह गीत शामिल रहे। 2001 से 2019 तक के बैचों तथा स्नातकोत्तर बैचों का मंच पर सम्मानपूर्वक परिचय कराया गया। सायंकाल सभी प्रतिभागियों के लिए सामूहिक छायाचित्रण एवं हाई-टी का आयोजन हुआ। रात्रि में मेघदूत रिसॉर्ट में लाइव बैंड, डीजे नाइट एवं सामूहिक भोज के साथ प्रथम दिवस का समापन हुआ। यह दिन संस्थान और उसके पूर्व छात्रों के बीच मजबूत भावनात्मक जुड़ाव का साक्षी बना।

# फाल्गुनी अग्रवाल की चित्रकला प्रस्तुति से किया विक्रम महोत्सव 2026 का शुभारंभ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



राहगिरी 2026 कार्यक्रम के अंतर्गत विक्रम महोत्सव 2026 का शुभारंभ माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा भव्य रूप से किया गया। इस अवसर पर फाल्गुनी चित्रकला केंद्र की निदेशक फाल्गुनी अग्रवाल एवं उनके विद्यार्थियों द्वारा निर्मित अद्भुत चित्रकला कृतियों की प्रस्तुति की गई।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वयं तूलिका हाथ में लेकर चित्रकला में सहभागिता की। उन्होंने लाइव पेंटिंग के माध्यम से सुनहरे रंग का प्रयोग करते हुए सम्राट विक्रमादित्य का प्रभावशाली चित्र प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने अत्यंत सराहा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने फाल्गुनी अग्रवाल को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आगामी भव्य आयोजनों एवं उत्सवों में उनकी चित्रकला को अनेक मंचों पर प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया जाएगा, जिससे कला और संस्कृति को व्यापक पहचान मिलेगी।

इस अवसर पर असंख्य जनता की उपस्थिति में फाल्गुनी अग्रवाल एवं उनके प्रतिभाशाली विद्यार्थी, विशेष रूप से विद्यार्थी विवेक कटारिया,आरुषि गौर,काश्वी ऐरन,जिया जैन,निर्वी शर्मा ,तन्वी बारोड की कला प्रतिभा की प्रशंसा की गई। कार्यक्रम ने भारतीय कला, संस्कृति और इतिहास के गौरवशाली स्वरूप को सजीव रूप में प्रस्तुत किया।

# श्री महाकालेश्वर हाकर्स फुटपाथ एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



अस्थायी ठेला व्यवसायियों के व्यवसाय बंद होने से उत्पन्न गंभीर स्थिति पर तात्कालिक मानवीय हस्तक्षेप की मांग को लेकर श्री महाकालेश्वर हाकर्स फुटपाथ एसोसिएशन, उज्जैन ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मांग की कि हम सभी फल-फ्रूट एवं सब्जी के अस्थायी ठेला व्यवसायी विगत लगभग 26 वर्षों से फीगंज पुरानी सब्जी मंडी, उज्जैन में शांतिपूर्वक एवं नियमित रूप से अपना दैनिक व्यवसाय करते आ रहे हैं। हमारे परिवारों की आजीविका पूर्णतः इसी व्यवसाय पर निर्भर है। यह कि दिनांक 25.12.2025 को नगर पालिक निगम द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना/नोटिस एवं बिना वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराए हमें हमारे व्यवसाय स्थल से हटा दिया गया। इसके पश्चात पिछले 30 दिनों से हमारा व्यवसाय पूर्णतः बंद है, जिसके कारण अनेक परिवारों के समक्ष दैनिक भोजन, दवा एवं आवश्यक जीवन-निर्वाह की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। हम सभी छोटे, अस्थायी एवं दैनिक आय पर निर्भर व्यापारी हैं। वर्तमान परिस्थितियों तात्कालिक मानवीय हस्तक्षेप की अपेक्षा रखती हैं। हमारा उद्देश्य किसी भी प्रकार से अव्यवस्था उत्पन्न करना नहीं है, बल्कि प्रशासन के निदेर्शों का पालन करते हुए अपना रोजगार संचालित करना है।

अतः माननीय कलेक्टर महोदय से करबद्ध पार्थना है कि कृपया इस विषय को अत्यंत आवश्यक एवं प्राथमिकता के आधार पर संज्ञान में लेते हुए नगर पालिक निगम के संबंधित अधिकारियों को तात्कालिक एवं व्यावहारिक व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान करने की कृपा करें।

जब तक स्थायी निर्णय न हो, तब तक हमें अस्थायी रूप से पूर्ववत स्थान पर व्यवसाय संचालन की अनुमति दिए जाने बाबत आवश्यक आदेश प्रदान किए जाएँ। यह कि आप श्रीमान को ज्ञात कराना चाहते है कि जैसे टॉवर पर स्थित फुल याले को भी उक्त समय पर समझाईश देकर उसी स्थान पर व्यवसाय करनी अनुमति दी गई है वैसे ही हम हमारे स्थान पर हमें पिछे करके ठेला लगाने की अनुमति प्रदान की जाए। जिससे हमारे परिवारों की आजीविका तत्काल रूप से बहाल हो सके और सामाजिक कठिनाई की स्थिति उत्पन्न न हो।

## खबर एक नजर...

### राहगीरी में प्रतीकात्मक गदा देकर किया मुख्यमंत्री का सम्मान

**उज्जैन।** रविवार को आयोजित राहगीरी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन लाइव के मंच से राहगीरी में उपस्थित उज्जैनवासियों को संबोधित किया। उज्जैन लाइव एवं इवे आईटी सॉल्यूशंस के डायरेक्टर नितिन शर्मा, आशीष शर्मा, दीपक जैन, विशाल चौहान एवं पूरी टीम ने ने मंच पर प्रतीकात्मक गदा देकर मुख्यमंत्री का सम्मान किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने संबोधन में कहा कि उज्जैन लाइव एक अनूठा और विश्वसनीय डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जो बाबा श्री महाकालेश्वर के दर्शन के साथ-साथ उज्जैन की सांस्कृतिक, धार्मिक, सामाजिक एवं विकासात्मक गतिविधियों से संबंधित वीडियो, पॉडकास्ट और न्यूज को स्पष्ट एवं निष्पक्ष रूप से प्रस्तुत कर रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि उज्जैन लाइव आने वाले वर्षों में, विशेष रूप से सिंहस्थ 2028 के लिए, एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहा है। सिंहस्थ विकास से जुड़ी योजनाओं, डॉक्यूमेंट्री वीडियो और जनहित से संबंधित जानकारियों के माध्यम से यह प्लेटफॉर्म जन-जन तक सटीक जानकारी पहुँचाने का कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री ने उज्जैन लाइव की सराहना करते हुए कहा कि यह डिजिटल माध्यम उज्जैन की वैश्विक पहचान को और अधिक सशक्त बना रहा है।

### भारत भारती का विचार कार्यक्रम 27 जनवरी को होगा

**उज्जैन।** सम्राट विक्रमादित्य विवि उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय एकता को समर्पित भारत भारती संस्था उज्जैन द्वारा एक विचार कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार 27 जनवरी को दोपहर तीन बजे सम्राट विक्रमादित्य विवि के सभागृह में आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए भारत भारती, उज्जैन की संयोजक डॉ. प्रवीणा दवेसर ने बताया कि वन्दे मातरम् के एक सौ पचास वर्ष पूर्ण होने और सरदार वल्लभभाई पटेल के शार्ध शताब्दी वर्ष में उनके अखंड भारत के स्वप्न को स्मरण करते हुए इस विचार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत भारती के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विनय पत्राले होंगे। अध्यक्षता सम्राट विक्रमादित्य विवि के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज करेंगे। विशेष अतिथि प्रसिद्द शिक्षाविद, सिंहस्थ प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष दिवाकर नातू होंगे।

### अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम में 38वें स्थापना दिवस पर होगा ध्वजारोहण

**उज्जैन।** उज्जयिनी वरिष्ठ नागरिक संगठन के 41वें वर्ष एवं अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम के 38वें वर्ष में प्रवेश के लक्ष्योन्मुखी यात्रा के साथ 56 वर्षों से सेवा में सम्पूर्ण जीवन समर्पित करने वाले सुधीर भाई गोयल भाईजी के सत्यांश मानवतावादी मिशन संकल्प को जीवितांजलि के साथ संस्थाध्यक्ष डॉ. ऋषि मोहन भटनागर, दिल्ली एवं आश्रम संस्थापक सुधीर भाई की उपस्थिति में प्रातः 11 बजे ध्वजारोहण किया जावेगा।

# महाकाल लोक में 488 होमगार्ड जवान होंगे तैनात

### उज्जैन में मंदिर की सुरक्षा के लिए एरड करेगा भर्ती; जवानों का कहीं और नहीं होगा ट्रांसफर

### महाकाल लोक का लोकार्पण 11 अक्टूबर 2022 को हुआ था




ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाकाल लोक और महाकाल महाराज के दर्शन के लिए उमड़ने वाली लाखों की भीड़ को कंट्रोल करने की जिम्मेदारी अब होमगार्ड के जवानों को मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणा के बाद महाकाल मंदिर के लिए होमगार्ड की 4 विशेष कंपनियों के गठन के प्रस्ताव को राज्य सरकार ने हरी झंडी दे दी है। होमगार्ड मुख्यालय भोपाल से इनकी भर्ती के लिए आधिकारिक मंजूरी का प्रस्ताव गृह विभाग को भेजा जा चुका है। यह भर्ती राज्य स्तर पर कर्मचारी चयन मंडल के जरिए की जाएगी।

गृह विभाग इन पदों के लिए आधिकारिक विज्ञापन जारी करने के निर्देश कर्मचारी चयन मंडल (एरड) को देने वाला है। होमगार्ड के इस स्पेशल कैडर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इन जवानों का ट्रांसफर कहीं और नहीं होगा। ये जवान कॉल ऑफ और कॉल ऑन से मुक्त रहेंगे। होमगार्ड में भर्ती होने वाले ऐसे जवान अपने पूरे सेवाकाल के दौरान केवल महाकाल मंदिर में ही सेवाएं देंगे। इससे उन्हें मंदिर की भौगोलिक स्थिति और सुरक्षा बारीकियों का विशेषज्ञ बनने में मदद मिलेगी। मामले में होमगार्ड के अफसरों का कहना है कि महाकाल मंदिर के लिए होमगार्ड की चार कंपनियों की भर्ती के लिए मंजूरी मिली हैं। 488 पदों पर एरड के जरिए भर्ती होगी। गृह विभाग को विज्ञापन जारी करने के लिए पत्र लिखा है। महाकाल लोक बनने के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है। यहां हर रोज औसतन एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं का आना जाना होता है। इसे देखते हुए यह नई होमगार्ड फोर्स मंदिर परिसर की सुरक्षा के साथ यात्रियों की सहायता के लिए भी मुस्तैद रहेगी। इन जवानों को होमगार्ड को नियुक्ति से पहले बेसिक ट्रेनिंग के साथ ही भीड़ प्रबंधन के गुर भी सिखाए जाएंगे, ताकि श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन हो सकें। अभी महाकाल मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी निजी एजेंसियों के हवाले है।

### सुरक्षा में लगने वाले होमगार्ड

- कुल पद 488 होंगे।
- कुल कंपनियां 4 रहेगी।
- हर कंपनी में 122 जवान होंगे।
- केवल महाकाल मंदिर, मुख्य परिसर और महाकाल लोक में सेवा देंगे।
- जवानों का वेतन महाकाल मंदिर ट्रस्ट देगा
- 3 शिफ्टों में ड्यूटी लगाई जाएगी।
- निजी सुरक्षा व्यवस्था बंद होगी।

#### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी हस्ताक्षर कर किया समर्थन

# सिंहस्थ को साइकिल युक्त व पर्यावरण-अनुकूल बनाने हेतु राहगिरी में चला व्यापक हस्ताक्षर अभियान

### लोगों ने अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेकर सिंहस्थ महापर्व को स्वच्छ, सुरक्षित एवं प्रदूषण-मुक्त बनाने का संकल्प लिया




ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आगामी सिंहस्थ को साइकिल युक्त, स्वच्छ एवं पर्यावरण-अनुकूल बनाने के उद्देश्य से संस्था सोसायटी ऑफ ग्लोबल साइकिल, उज्जैन द्वारा रविवार को कोठी रोड पर आयोजित राहगिरी आनंदोत्सव कार्यक्रम में साइकिल युक्त सिंहस्थ 2028 अभियान के अंतर्गत व्यापक हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। अभियान में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सिंहस्थ महापर्व को स्वच्छ, सुरक्षित एवं प्रदूषण-मुक्त बनाने हेतु साइकिल उपयोग और जन-जागरूकता में सहभागी बनने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी हस्ताक्षर कर अभियान को समर्थन प्रदान किया। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष उत्कर्ष सिंह सेंगर, सचिव विवेक मेश्राम, सदस्य अमित परमार, तुषार पिल्लैवार, मयंक तिवारी, गौतम एवं गोविंद शर्मा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को ज्ञापन सौंप कर सिंहस्थ2028 को साइकिल आधारित आयोजन के रूप में विकसित करने संबंधी सुझावों से अवगत कराया।

सोसायटी ऑफ ग्लोबल साइकिल के सदस्य एवं मीडिया प्रभारी डॉ.उदित्य सिंह ने बताया कि सोसायटी ऑफ ग्लोबल साइकिल ने सिंहस्थ 2028 को साइकिल युक्त बनाने हेतु सुझाव देते हुए कहा कि सिंहस्थ 2028 के दौरान सिंहस्थ क्षेत्र को चरणबद्ध रूप से नो-व्हीकल जोन घोषित किया जाए।

### जज्बा का घर घर तिरंगा अभियान, तिरंगा झंडा और तिरंगे पट्टे का किया वितरण

**उज्जैन।** प्रबुद्ध वर्ग के देश की उन्नति में योगदान से ही भविष्य का निर्माण होता है। उक्त उदगार एम आई सी सदस्य रजत मेहता ने व्यक्त किए। आप गणतंत्र दिवस के अवसर पर जज्बा सोशल फाउंडेशन द्वारा तोपखाना में आयोजित तिरंगा झंडा और तिरंगे पट्टे का वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर अजय तिवारी, सराफा मंडल अध्यक्ष ने जज्बा की गतिविधियों को बहुत प्रासंगिक बताते हुए संस्था के शिक्षा, सामाजिक उत्थान और स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। संस्था के जमीर उल हक ने अध्यक्षता करते हुए देश की आजादी के लिए हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई और सर्व समाज के योगदान को अविस्मरणीय बताया।

# खाप पंचायतों की तर्ज पर, प्रेम विवाह करने वाले तीन परिवारों का बहिष्कार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रतलाम जिले की पिपलौदा तहसील के गांव पंचेवा के रहवासी ने खाप पंचायतों की तरह से अपना निर्णय लिया है।संविधान में दिए गए नागरिकों के अधिकारों को दरकिनार करते हुए पंचेवा के ग्रामीणों ने घर से भाग कर प्रेम विवाह करने वाले,उनके परिजनों,उन्हें सहयोग करने वाले रिश्तेदारों तक अपने बहिष्कार का दायरा तय किया है। यहां तक की ऐसे बहिष्कृत परिवारों को दूध,परचूनी सामान देने वाले का भी बहिष्कार किए जाने का एलान किया है। पंचेवा के ग्रामीणों की बैठक और निर्णय का विडियो जमकर वायरल हो रहा है। इसमें तीन परिवारों के बहिष्कार की घोषणा भी की गइ है।

अब भाग कर प्रेम विवाह करने वाले युवक युवती के परिवार वालों का बहिष्कार करेंगे। पंचेवा के ग्रामीणों ने गांव में बैठके के दौरान मिलकर यह फैसला किया है। इतना ही नहीं ग्रामवासियों ने गांव के तीन परिवारों को बहिष्कृत करने की भी घोषणा की है। गांव वालों ने यह निर्णय भी लिया है कि जो कोई भी किसी बहिष्कृत परिवार से सम्बन्ध रखेगा,गांव के लोग उसका भी बहिष्कार करेंगे।यहां तक की बहिष्कृत परिवार को दूध तक मुहैया कराना अपराध करार दिया गया है उसका भी बहिष्कार किया जाएगा।

पंचेवा के गांव वालों द्वारा लिए गए इस निर्णय का विडीयो सोशल मीडीया पर वायरल हो रहा है। वायरल हो रहे विडीयो में बहिष्कार के निर्णय की जानकारी देने वाला युवक विस्तार से इस निर्णय की जानकारी दे रहा है। वायरल विडीयो में युवक बता रहा है कि जिस भी परिवार के लडके लडकी भाग कर प्रेम विवाह करेंगे उस पूरे परिवार का गांव के लोग पूरी तरह बहिष्कार करेंगे। ना तो उस परिवार में दूध दिया जाएगा ना ही किसी दुकान से कोई सामान बेचा जाएगा। वायरल विडीयो में यह भी बताया जा रहा है कि अगर कोई व्यक्ति गांव द्वारा बहिष्कृत किसी परिवार से किसी भी तरह का सम्बन्ध रखेगा,उसका भी गांव वालों द्वारा बहिष्कार किया जाएगा। वायरल विडीयो में बहिष्कार की जानकारी देने वाला व्यक्ति बहिष्कृत किए गए तीन परिवारों के नाम भी घोषित करता हुआ नजर आ रहा है।

# विवेकनंद जयंती के उपलक्ष में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आगर रोड स्थित गायत्री नगर के समीप मुद्रा क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी एवं चित्रवंश सेवा संगठन उज्जैन के तत्वावधान में विवेकनंद जयंती के उपलक्ष में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर अपनी आंखों की जांच कराई और स्वास्थ्य लाभ लिया। कार्यक्रम के संयोजक निखिलेश खरे ने जानकारी देते हुए बताया कि ठंड के मौसम में बढ़ने वाली बीमारियों को ध्यान में रखते हुए यह शिविर आयोजित किया गया, जिसमें मोतियाबिंद, कम दिखाई देना, धूप में आंखों से परेशानी, आंखों में पानी आना, सिर दर्द, चक्कर, खुजली, जलन, एलर्जी तथा आंखों में मांस बढ़ने (नाखूना) जैसी समस्याओं की जांच की गई।शिविर का आयोजन सुबह 12 बजे से दोपहर 5 बजे तक किया गया, जिसमें अर्वांतिका नेत्रालय हॉस्पिटल के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा नि:शुल्क सेवाएं प्रदान की गईं। इस दौरान




चिकित्सकों ने उपस्थित नागरिकों को आंखों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए नियमित जांच कराने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ती जीवनशैली संबंधी समस्याएं दृष्टि को गंभीर रूप से प्रभावित कर रही हैं। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि सेवा ही सनातन धर्म की मूल भावना है और इसी विचारधारा के साथ समाजसेवी संस्थाएं निरंतर जनकल्याण के कार्य कर रही हैं। शिविर से लाभान्वित नागरिकों ने आयोजन की सराहना करते हुए आयोजक संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के समापन पर आयोजन समिति द्वारा सभी चिकित्सकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारी, समाजसेवी तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में संस्था द्वारा 26 जनवरी के उपलक्ष में समाजसेवियों का सम्मान किया गया जिसमें पूर्व सैनिक शेषनारायण श्रीवास्तव, पुलिस रवि शर्मा, किसा लोकेंद्र सिंह, वृक्ष मित्र से अजय भातखंडे, युवा इंजीनियर सिद्धार्थ श्रीवास्तव शामिल है। इस मौके पर चंद्रशेखर श्रीवास्तव, घनश्याम सक्सेना, साहिल माथुर, विजय श्रीवास्तव, जितेन

## खबर एक नजर...

### प्रभारी मंत्री कुशवाह का दौरा कार्यक्रम

**शाजापुर।** प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री नारायनसिंह कुशवाह 26 जनवरी 2026 को शाजापुर जिले के भ्रमण पर रहेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रभारी मंत्री कुशवाह 26 जनवरी 2026 को प्रातः 9.00 बजे गणतंत्र दिवस पर शाजापुर के स्टेडियम ग्राउण्ड में ध्वजारोहण, मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन एवं परेड की सलामी लेंगे तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रमों के पश्चात छतगांव के लिए प्रस्थान करेंगे। वे दोपहर 1.00 बजे छतगांव पहुंचेंगे एवं शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय छतगांव में विद्यार्थियों के साथ मध्यान्ह भोजन में सम्मिलित होंगे। छतगांव में 20 सामुदायिक भवनों एवं 01 टीन शेड के भूमि पूजन कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। इसके उपरांत वे दोपहर 2.00 बजे छतगांव से उस्मानखेड़ी विकासखण्ड मो. बड़ोदिया लिए प्रस्थान करेंगे। वे दोपहर 2.30 बजे उस्मानखेड़ी पहुंचकर 01 पुलिया, 04 सामुदायिक भवनों एवं 01 टीन शेड के भूमि पूजन कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे।

### उज्जैन की अद्विका सिंह को तिहरी सफलता

**उज्जैन।** खेलो एमपी बैडमिंटन टूर्नामेंट में ओवर आल चैंपियन उज्जैन बना। उज्जैन की अद्विका सिंह को तिहरी सफलता प्राप्त हुई।

प्रतियोगिता में गर्ल्स सिंगल, बॉयज सिंगल, गर्ल्स डबल्स, बॉयज डबल्स और मिक्स्ड डबल्स सभी प्रारूपों में उज्जैन के खिलाड़ियों का दबदबा रहा और विजेता रहा। उज्जैन की अद्विका सिंह ने तीनों प्रारूपों में राज्य स्तर के लिए क्वालीफाई किया। कोच योगेश बंदेवार ने बताया उज्जैन को विजेता बनाने में आरव श्रीवास्तव, अद्विका सिंह, शिवांश पाल, एकांश गुप्ता, अर्पण काव्या, आदर्श मेवारा, धैर्य शर्मा, रुतवी पांचाल, आशी यादव की प्रमुख भूमिका रही। इन खिलाड़ियों में से 6 खिलाड़ी कोच योगेश बन्देवार से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। कोच योगेश बन्देवार की ही स्टूडेंट वानिधी ने रैंकिंग के कारण सीधे राज्य स्पर्धा के लिए क्वालीफाई किया। यह सभी खिलाड़ी ग्वालियर में 28 जनवरी से 31 जनवरी तक होने वाले राज्यस्तरीय टूर्नामेंट के लिए चयनित हुए हैं। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि के लिए विधायक अनिल जैन कालूहेडा उज्जैन बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष वैभव यादव, ओपी हरोड़ डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स ऑफिसर खेल एवं युवा कल्याण विभाग, विक्रमादित्य बैडमिंटन क्लब के अध्यक्ष दिनेश जाटवा, सेक्रेटरी जितेंद्र मुकाती एवं सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया तथा खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### सेवानिवृत्त श्री गणेशचन्द्र शर्मा का निधन

**नीधच।** शहर के हुडको कॉलोनी निवासी गणेशचन्द्र शर्मा सुपुत्र स्व. हरिशंकरजी शर्मा का 87 वर्ष की आयु में निधन हो गया। श्री शर्मा हंसमुख, मिलन सार, धार्मिक एवं सामाजिक व्यक्तित्व के सौम्य व्यक्ति थे।

### सांसद विधायक महापौर एवं एवं मंदिर निर्माण सदस्यों एवं ट्रस्टीओ ने किया पूजन

# मंदिर के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खंडवा



बसंत पंचमी के पावन पर्व पर खंडवा की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर में एक नया अध्याय जुड़ गया। श्री दादाजी धूनीवाले महाराज के भव्य संगमरमर के 84 खम्भों वाले मंदिर के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक विधि-विधान के बीच मंदिर परिसर में जेसीबी का पूजन कर निर्माण कार्य की शुरूआत की गई। समाजसेवी और प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि दादा दादा जी महाराज के आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन से बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर मां सरस्वती के आशीर्वाद से मंदिर निर्माण की लिथि निर्माण का शुभारंभ सांसद ज्ञानेश्वर पाटील महापौर अमृता अमर यादव विधायक कंचन मुकेश तनवे मंदिर के वरिष्ठ ट्रस्टी सुभाष नागोरी, धर्मेंद्र बजाज, शांतनु दीक्षित, एवं मंदिर निर्माण समिति के सतीश कोटवाले, तपन डोंगरे, राकेश बंसल द्वारा पूजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में दादाजी भक्त उपस्थित थे। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि

जैसे ही निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ, परिसर दादाजी महाराज की जयज्ज के जयकारों से गूंज उठा और वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर संसद के अनुसार पाटिल ने कहा कि दादाजी महाराज के आशीर्वाद से वह शुभ दिन आज बसंत पंचमी के दिन आ गया जब मंदिर निर्माण के प्रथम लिंक बनने का कार्य का शुभारंभ हुआ है करने वाले दादाजी मंदिर बनाने वाले दादाजी हैं हम सब निमित्त हैं लक्ष्य है कि जल्दी से ज्यादा दादाजी महाराज का मंदिर बने यही हम सब की भावना है

मंदिर ट्रस्ट के सुभाष नागौरी ने कहा कि मंदिर निर्माण का कार्य आज से प्रारंभ हुआ है मंदिर निर्माण में हम सब ने मेरे को बाहर छोड़ दिया है और हम सब दादाजी की आशीर्वाद से मंदिर बनाने के बनवाने के निमित्त बनाकर सहयोगी बने हैं दादाजी महाराज की इच्छा के अनुसार सभी कार्य संपन्न होंगे ऐसी में प्रभु से कामना करता हूं प्रस्तावित मंदिर संगमरमर के 84 खम्भों पर आधारित होगा, जिसका सनातन धर्म में विशेष आध्यात्मिक महत्व है। यह मंदिर न केवल श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि खंडवा को धार्मिक पर्यटन के मानचित्र पर भी एक नई पहचान दिलाएगा। महापौर अमृता अमर यादव एवं विधायक कंचन मुकेश तवे ने भी मंदिर निर्माण के शुभारंभ पर दादाजी के चरणों में नमन कर शुभकामनाएं प्रेषित की

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि च्चदादाजी धूनीवाले महाराज के भक्तों की वर्षों पुरानी भावना आज साकार हो रही है। यह मंदिर श्रद्धा, सेवा और संस्कारों का केंद्र बनेगा।

### सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती पर नजमी ग्रुप ने दिया प्रेरणादायी संदेश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती के अवसर पर नजमी ग्रुप उज्जैन ने अपने संदेश के माध्यम से महान स्वतंत्रता सेनानी को नमन किया। नेताजी का जीवन देशभक्ति, साहस और त्याग की अद्वितीय मिसाल है, जो आज भी देशवासियों को राष्ट्र के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। अम्मार मैमून ने जानकारी देते हुए बताया कि नजमी ग्रुप उज्जैन ने अपने संदेश में कहा कि सुभाष चंद्र बोस के विचार, उनका आत्मविश्वास और स्वतंत्र भारत का सपना हर भारतीय के लिए मार्गदर्शक हैं। ह्लतुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगाह्व जैसा उनका ऐतिहासिक नारा आज भी युवाओं में जोश और देशसेवा की भावना जगाता है। संदेश में युवाओं से आह्वान किया कि वे नेताजी के आदर्शों को अपनाते हुए देश की एकता, अखंडता और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं। साथ ही कहा कि नेताजी का संघर्ष और बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा। नजमी ग्रुप उज्जैन ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी स्वतंत्रता सेनानियों को भी श्रद्धापूर्वक नमन किया।

### चलती स्कूटी से मोबाइल झपटने वाला आरोपी गिरफ्तार, वारदात में इस्तेमाल बाइक भी जब्त

**शाजापुर।** मोबाइल स्नेचिंग के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूटा गया मोबाइल और वारदात को अंजाम देने में इस्तेमाल की गई हीरो होंडा सीडी डीलक्स बाइक भी जब्त कर ली है। पकड़े गए आरोपी को रविवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार मारवाड़सेरी निवासी फरियादिया दुर्गा जाखुनिया पिता दीपक जाखुनिया ने अपनी मां पुष्पा के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, घटना 14 जनवरी 2026 की शाम करीब 4 बजे की है। दुर्गा अपनी सहेली पायल के साथ स्कूटी से शहीद पार्क की ओर जा रही थी। जैसे ही वे ट्रैफिक पॉइंट के आगे डिपो के सामने पहुंचीं, तभी पीछे से आए एक बाइक सवार युवक ने झपट्टा मारकर उनके हाथ से मोबाइल छीन लिया और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मुखबिर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान इमरान मनिहार पिता इकरार मनिहार निवासी ज्योति नगर, शाजापुर के रूप में की और घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# कार की छत पर बछड़े को बैठाकर निकाली गौ माता सम्मान यात्रा, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन





ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर

शहर की फिजाओं में गौ माता के जयकारे गूंज उठे। मौका था सर्व समाज की ओर से रविवार को आयोजित गौ माता सम्मान यात्रा का। इस यात्रा में आस्था और जीव दया का एक अनोखा संगम देखने को मिला, जब एक चार पहिया वाहन पर गाय के बछड़े को विधि-विधान से बैठाकर नगर भ्रमण कराया गया। हजारों की संख्या में उमड़ी भीड़ ने गौ संरक्षण का संकल्प लिया और मुख्यमंत्री के नाम 18 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। दोपहर करीब 2 बजे मां राजराजेश्वरी मंदिर से शुरू हुई यात्रा का मुख्य आकर्षण एक कार थी। इस पर गाय के बछड़े को सम्मानपूर्वक बैठाया गया था और उसे लाल चुनरी ओढ़ाई गई थी। यह दृश्य जिसने भी देखा, वह देखता ही रह गया। यात्रा जैसे-जैसे आगे बढ़ी, ट्रैफिक पॉइंट और नई सड़क होते हुए आजाद चौक तक, जगह-जगह श्रद्धालुओं ने बछड़े और यात्रा का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया।

हाथों में गौ संरक्षण के बैनर और पोस्टर लिए चल रहे लोगों ने गौ तस्करी और गौवंश की दुर्दशा पर चिंता जताई। यात्रा के समापन पर आजाद चौक में नायब तहसीलदार नाहिद अंजुम को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से सर्व समाज ने गौ माता को राज्य माता का दर्जा देने की पुरजोर मांग की गई। इसके पूर्व चौक बाजार में हुई सभा में समाज के वरिष्ठों ने संबोधित करते हुए कहा कि गौवंश का संरक्षण केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह हमारी सामाजिक और सांस्कृतिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा, यदि शासन ठोस नीतियां लागू करे, तो सड़कों पर भटकते बेसहारा गोवंश और गौ तस्करी जैसी समस्याओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सकती है। ज्ञापन में मांग की गई कि गौ माता को आधिकारिक रूप से राज्य माता घोषित किया जाए, गौहत्या पर कठोरतम दंड का प्रावधान किया जाए, गौतस्करी के मामलों की सुनवाई के लिए विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन किया जाए, गौशालाओं की दयनीय स्थिति सुधारने के लिए सरकारी अनुदान में वृद्धि की जाए, प्रत्येक तहसील स्तर पर बीमार गोवंश के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था की जाए।

# क्षत्रिय समाज का 19वां सामूहिक विवाह सम्मेलन 25 अप्रैल को, तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर



अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा आगामी 25 अप्रैल को 19वें सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसी सिलसिले में शाजापुर के बूमतलाई माता मंदिर प्रांगण में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को आयोजित की गई। बैठक में विवाह समारोह की रूपरेखा तय करने के साथ-साथ संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए नवीन कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से समाज के कर्मठ कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं, जिसमें विजयपाल सिंह डोडिया देवलाबिहार को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसके अलावा, संगठन के कार्यों को सुचारू रूप से चलाने के लिए सजनसिंह राघबेल और दिनेशसिंह को जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। नवीन पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष रामवीरसिंह सिकरवार, जिला संयोजक भीमसिंह बना, जिला सह-संयोजक नरेंद्र सिंह आरोलिया सहित समाजजन मौजूद थे।

### कुंवर बन्ना मित्र मण्डली की भव्य तिरंगा यात्रा आज

**उज्जैन।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर कुंवर बन्ना मित्र मण्डली द्वारा आज भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से युवाओं को देशभक्ति की भावना से प्रेरित किया जाएगा तथा देश के शहीदों को नमन किया जाएगा। कुंवर बन्ना ने जानकारी देते हुए बताया कि यह भव्य तिरंगा यात्रा सोमवार, 26 जनवरी 2026 को प्रातः 11 बजे प्रारंभ होगी। यात्रा का शुभारंभ मोहन नगर से होगा, जो फ्रीगंज स्थित टावर पर समाप्त होगी।

### 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**शाजापुर।** 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी पर कलेक्टर कार्यालय शाजापुर के सभागृह में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर कलेक्टर भुरलासिंह सोलंकी ने की। विशेष अतिथि के रूप में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकघनश्याम मालवीय मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की पूजा माल्यार्पण कर की गई। इस मौके पर उपस्थित जनों, बीएलओ एवं नवीन मतदाताओ को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई गई एवं नवीन मतदाताओ को ईपिक कार्ड वितरण किया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल कार्यालय से प्राप्त निदेशांनुसार मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का संदेश प्रसारण किया गया,

# देश की नीतियों को तय करने में मतदाता की अहम भूमिका- कलेक्टर

### 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन आर्ट्स एंड साइंस कॉलेज में किया

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम



निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिवर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। निर्वाचन आयोग का ध्येय वाक्य वोट जैसा कुछ भी नहीं, वोट जरुर डालेंगे हम, निर्धारित किया गया है। रतलाम जिले के आर्ट एंड साइंस कॉलेज में आज 16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन करके किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉक्टर लीला जोशी ने कहा कि वोट लोकतंत्र की ताकत है, नए युवा जागरूक मतदाता बन कर देश के विकास मे अपनी भूमिका का निर्वहन करे, जागरूकता संबंधी गतिविधियों में निरंतर बनाए रखी जाना चाहिए। पूर्व की तुलना में वोट का प्रतिशत बढ़ा है, किंतु अभी और कार्य करने की आवश्यकता है, पहले की तुलना में वोटिंग करना आसान हुआ है। कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस ऐसा पर्व है जिसके माध्यम से देश की दशा और दिशा तय होती है।

वोट के माध्यम से ही मतदाता देश की नीतियां तय करता है। सरकारी नीतियों के प्रति सहमति और असहमति व्यक्त करने का सशक्त माध्यम वोट ही है। कलेक्टर ने कहा कि मतदान संबंधी जागरूकता गतिविधियों के लिए स्कूल और कॉलेज में यंग वोटर्स क्लब बनाए गए हैं।

उन्होंने एस आई आर के कार्य में भूमिका निभाने के लिए एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव सहित जिले के निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी कर्मचारियों सहित बी एल ओ की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार ने कहा कि मतदान अधिकार है और नागरिकों की शक्ति है, इसलिए मतदान अवश्य करना चाहिए। कार्यक्रम मे युवा मतदाता नारायण बैरागी और पार्थ गुप्ता को फॉर्म नंबर 6 अतिथियों द्वारा प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने वर्चुअल माध्यम से ऑनलाइन उद्बोधन दिया जिसे सभी के द्वारा देखा और सुना गया। कार्यक्रम मे कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती मिशा सिंह ने सभी को संकल्प कराया कि हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें। कार्यक्रम के दौरान एडीएम डॉक्टर शालिनी श्रीवास्तव, नगर निगम आयुक्त श्री अनिल भाना, रतलाम शहर एसडीएम आर्ची हरित, एडिशनल एसपी श्री राकेश खाखा, कॉलेज के प्राचार्य डॉ वाय के मिश्रा, तहसीलदार श्री ऋषभ ठाकुर, उपसंचालक सामाजिक न्याय श्रीमती संध्या शर्मा, स्कूल शिक्षा विभाग से श्री जितेंद्र जोशी, पी एच ई से श्री आनंद व्यास, तृतीय श्रेणी कर्मचारी संघ पदाधिकारी श्री शरद शुक्ला सहित बड़ी संख्या में आमजन विद्यार्थी एवं अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री आशीष दशोत्तर ने किया तथा अंत में आभार तहसीलदार श्री ऋषभ ठाकुर ने माना।



## बाल विवाह की सूचना पर त्वरित कार्रवाई कर, विवाह रुकवाया

रतलाम। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रामनिवास बुधोलिया ने बताया कि विगत २४ जनवरी को दूरभाष के माध्यम से दीनदयाल नगर क्षेत्र में बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त हुई। शिकायत की जांच हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी श्रीमती अर्चना माहौर अपनी टीम एवं पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं। जांच के दौरान बालिका के जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर उसकी आयु 16 वर्ष 11 माह पाई गई। मौके पर बालिका के माता-पिता को समझाइश दी गई कि बालिका का विवाह 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने के बाद ही किया जाए। समझाइश के उपरांत माता-पिता द्वारा सहमति व्यक्त की गई तथा उनके लिखित कथन भी लिए गए। माता-पिता को पुनः निर्देशित किया गया कि वे कानून का पालन करते हुए बालिका का विवाह निर्धारित आयु पूर्ण होने के पश्चात ही करें।

## नपा कार्यालय व शहीद स्मारक पर नपाध्यक्ष चौपड़ा करेंगी ध्वजारोहण

नीमच। नगरपालिका परिषद्, नीमच द्वारा राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पूरे उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया जावेगा। इस अवसर पर नगरपालिका परिषद्, नीमच द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 26 जनवरी पर नगरपालिका कार्यालय परिसर एवं शहीद स्मारक, ज्ञान मंदिर पर ध्वजा रोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। गणतंत्र दिवस पर आयोजित ध्वजारोहण समारोह के तहत नगरपालिका परिषद्, नीमच की अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चौपड़ा द्वारा २६ जनवरी को प्रातः 8 बजे नगरपालिका कार्यालय परिसर में समस्त पार्षदगणों, गणमान्य नागरिकों व नपा स्टॉफ की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया जावेगा। तत्पश्चात नपाध्यक्ष श्रीमती चौपड़ा द्वारा 8.15 बजे गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में शहीद स्मारक, ज्ञान मंदिर पर ध्वजारोहण किया जावेगा।

# कायस्थ समाज नीमच ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई

ब्रह्मास्त्र ›› नीमच

शहर के कायस्थ समाज ने विश्व विभूति नेताजी सुभाष चंद्र जी बोस की जयंती पर माल्यार्पण कर उनके जीवन वृत के साथ उनके विचारों और देश सेवा पथ के कार्यो को याद किया।

कायस्थ समाज अध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार सक्सेना ने नेता जी के जन्मदिवस पर कहा कि देश के सच्चे देश भक्त के रूप में नेता जी ने आजाद हिंद फौज की स्थापना कर देश की स्वतन्त्रता में बड़ी आहुति दी। हमें गर्व है समाज के कई सारे महापुरुषों ने देश सेवा की मिसाल दी युवाओं को उनसे सीख लेना चाहिए। संरक्षक ब्रजेश सक्सेना ने कहा नेता जी ने नारा दिया तुम मुझे खून दो में तुम्हे आजादी दूंगा इससे देश में युवाओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ इससे हजारों लोग देश की स्वतन्त्रता के लिए सड़कों पर आगए उनका नारा जय हिंद देश में आज तक बोला जाता है। संरक्षक अजय भटनागर ने सुभाष चंद्र बोस को युवाओं द्वारा पढ़ा जाना चाहिए उनके जीवन और आत्मबल से किए कार्य विश्व पटल पर अंकित है। कायस्थ महिला मंडल श्रीमती कृष्णा निगम ने उनके देश के प्रति कार्य और हिंद की सेना पर अपनी बात कहीं। जगमोहन श्रीवास्तव ने कहा आज नेता जी जन्मोत्सव पूरे देश में मनाया जा रहा है उनकी देश भक्ति को नमन।

सांस्कृतिक सचिव दीपक राय गौड़ ने हम गौरवान्वित है कि नेता जी ने माता और पिता दोनों की इच्छा का मान रखा उनके पिता जी चाहते थे वे सिविल सर्विसेज में सेवाएं दें और माता चाहती थी कि वे देश की स्वतंत्रता में हिस्सा लें। सलाहकार प्रकाश गौड़ ने कहा वे शेरों के शेर थे उनके कार्यों को हमेशा याद किया जाता रहेगा।

## संत रविदास जयंती के जिला स्तरीय आयोजन को लेकर अहम बैठक सम्पन्न

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

जिला स्तरीय संत शिरोमणि रविदास जी महाराज जन्मोत्सव के आयोजन को लेकर आज कलेक्ट्रेट स्थित गुलाब चक्कर पर समाज के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से जन्मोत्सव कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई।

निर्णय अनुसार कार्यक्रम की शुरूआत रविदास चौक, रतलाम में संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की महाआरती से होगी, जो समाज प्रमुखों द्वारा की जाएगी। इसके पश्चात नगर में भव्य शोभायात्रा अंबेडकर सर्किल से प्रारंभ होकर कालिका माता प्रांगण में समापन होगी।

कालिका माता प्रांगण में संत रविदास जी महाराज के जीवन, कृतित्व एवं विचारों पर आधारित चिंतन सभा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान भी किया जाएगा। कार्यक्रम के

## कैबिनेट मंत्री चैतन्य काश्यप ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे

रतलाम। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर रतलाम में मुख्य समारोह पोलो ग्राउंड पर आयोजित होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री मध्यप्रदेश शासन चैतन्य काश्यप ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का आगमन प्रातः 8.58 बजे होगा। प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली जाएगी, राष्ट्रगान होगा,9.05 बजे मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया जाएगा, 9.10 बजे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन मुख्य अतिथि द्वारा किया जाएगा। मुख्य समारोह में मार्च पास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा शासकीय विभागों द्वारा झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। तत्पश्चात मुख्य अतिथि श्री काश्यप द्वारा जिले के उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, झांकी एवं परेड दल को मंच से पुरस्कृत/सम्मानित किया जाएगा।

# वरिष्ठ खिलाडियों को पारंपरिक खेल को प्रोत्साहित करना है : भदोरिया

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

केंद्र सरकार एवं मध्य प्रदेश शासन देश के पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित कर रही है हम सभी वॉलीबॉल के वरिष्ठ खिलाडि़ेयों को युवा खिलाडि़ेयों को खेल के प्रति आकर्षित कर प्रोत्साहित करना चाहिए उपरोक्त विचार दो बत्ती स्थित एक निजी होटल में रविवार दोपहर जिला डायरेक्ट वालीबाल संघ एवं नगर एवं जिला वॉलीवाल संघ की बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम एम आई सी सदस्य भगतसिंह भदोरिया ने व्यक्त किएं। कार्यक्रम के अध्यक्ष यूं एल भाटी ने संबोधित करते हुए कहा कि करकंदूक के नाम से वॉलीबॉल की पहचान थी वॉलीबॉल के स्वरूप बदल गए लेकिन हमें हमारे डायरेक्ट वॉलीबॉल पारंपरिक खेल की स्पर्धा आयोजित कर खिलाडि़ेयों को प्रोत्साहित करना चाहिए। कार्यक्रम के विशिष्ट मेहमान भारतीय वॉलीबॉल टीम के भूतपूर्व खिलाड़ी एवं पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी सालार हुसैन बादशाह ने संबोधित करते हुए कहा कि आज मुझे गर्व है रतलाम जिले में आज भी वॉलीबॉल को खिलाड़ी मिल रहे हैं हमारा प्रयास है की आने वाले दिनों में अखिल भारतीय डायरेक्ट वालीबॉल स्पर्धा आयोजित हो। कार्यक्रम विशेष अतिथि डॉक्टर एफ आर खान, मनोहर पचौरी, देवीसिंह बिष्ट ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान जिले के वरिष्ठ खिलाड़ी याकूब मंसूरी,जहीर खान, सुभाष चंद्र व्यास,अशोक गोयल,रामविलास शर्मा, सुरेश वर्मा, अशोक गोयल, ए बी राजीव, जगदीश पनौला, हीरालाल परिहार, बिलपांक, विनोद शर्मा करमदी, सुरेश चंद्र व्यास, सुधीरकांत दुबे, यूं एल जायसवाल आदि का अतिथियों द्वारा केसरिया दुपट्टा एवं माला पहनाकर स्वागत कर सम्मान किया। इस अवसर पर आलोट के इनडायरेक्ट के खिलाड़ी देवांश गोस्वामी, कार्तिक शर्मा ,देवराज सेठिया, देवराजसिंह, सतीश पाल, आदि इनडायरेक्ट के वॉलीबॉल खिलाडियों को भी मेडल एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन आभार प्रकाश चंद्र व्यास ने व्यक्त किया।

## गणतंत्र दिवस फुटबाल स्पर्धा का फायनल मुकाबला व पुरस्कार वितरण समारोह आज

ब्रह्मास्त्र ›› नीमच

नगरपालिका परिषद्, नीमच द्वारा नपा अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा के मार्गदर्शन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया के नेतृत्व में जिला फुटबाल संघ के सहयोग से आयोजित गणतंत्र दिवस फुटबाल स्पर्धा का फायनल मुकाबला 26 जनवरी को दोपहर 3 बजे अहीर युनिवर्सल व ए. यूनियन के बीच होगा एवं स्पर्धा का समापन फायनल मुकाबले के पश्चात पुरूस्कार वितरण के साथ होगा। फायनल मैच व पुरूस्कार वितरण समारोह में अतिथि के रूप में सांसद श्री सुधीर गुप्ता, विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जन सिंह चौहान, भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष श्री पवन पाटीदार, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल, नपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चौपड़ा, नपा उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना करणसिंह परमाल, समाजसेवी श्री संतोष चौपड़ा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्री तरुण बाहेती, पूर्व विधायक श्री नंदकिशोर पटेल, पूर्व नपाध्यक्ष पूर्व नपा उपाध्यक्ष श्री महेंद्र भटनागर, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीहेमंत हरित,सांसद प्रतिनिधि श्री आदित्य मालू, वरिष्ठ पत्रकार श्री सुरेन्द्र सेठी उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी देते हुए नगरपालिका, नीमच के कार्यालय अधीक्षक श्री कन्हैया लाल शर्मा व डीएफए सचिव श्री प्रमोद शर्मा ने समस्त पार्षदगण, गणमान्य नागरिक, पत्रकारगण व फुटबाल प्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने का अनुरोध किया है।

## निगम भवन पर महापौर प्रहलाद पटेल करेंगे ध्वजारोहण

रतलाम। आज गणतंत्र दिवस के पुनीत अवसर पर निगम भवन पर प्रातः 7.30 बजे महापौर प्रहलाद पटेल ध्वजारोहण करेंगे।निगम भवन पर प्रातः 7.30 पर आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम मे निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, निगम आयुक्त अनिल भाना, महापौर परिषद सदस्य पप्पू पुरोहित, श्रीमती अनिता कटारा, दिलीप कुमार गांधी, धर्मेन्द्र व्यास, विशाल शर्मा, अक्षय संघवी, मनोहरलाल राजू सोनी, रामूभाई डाबी, श्रीमती सपना त्रिपाठी के अलावा पार्षदगण सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहेंगे।

## पिता की डांट से नाराज होकर 15 वर्षीय नाबालिग लड़के ने आत्महत्या कर ली

**रतलाम।** नूरी नगर इलाके में पिता की डांट से नाराज होकर 15 वर्षीय नाबालिग लड़के ने आत्महत्या कर ली। घटना शनिवार रात सालाखेड़ी चौकी क्षेत्र की है। नाबालिग ने घर के सामने खड़े पिता के ऑटो रिक्शा में ही रस्सी से फांसी लगा ली। मृतक की पहचान मेहमूद (15) पिता अहमद शाह के रूप में हुई है। शनिवार रात करीब 7.30 बजे उसका शव घर के बाहर खाली प्लॉट में खड़े ऑटो रिक्शा के पास संदिग्ध हालात में मिला।



## बैसाखी के सहारे चलते दिखे ऋतिक रोशन

### फिल्ममेकर गोल्डी बहल की पार्टी में पहुंचे थे एक्टर, फैंस ने जताई चिंता

एक्टर ऋतिक रोशन फिल्ममेकर गोल्डी बहल के बर्थडे सेलिब्रेशन में नजर आए। हालांकि, इस दौरान वह बैसाखी के सहारे चलते दिखे और उन्होंने फोटोग्राफरों को पोज नहीं दिए। एक्टर ब्लैक हुडी, मैचिंग जॉगर्स और कैप में नजर आए। वहीं, ऋतिक की बैसाखी के सहारे चलने वाली फोटो को शेयर करते हुए फोटोग्राफर योगेन शाह ने कहा कि घुटने की चोट लगने के बाद एक्टर इससे उबर रहे हैं।

बता दें कि ऋतिक को बैसाखी के सहारे चलते देख फैंस चिंतित नजर आए और उनके जल्द ठीक होने की कामना की।

गौरतलब है कि पिछले साल भी ऋतिक को बैसाखी के साथ देखा गया था। तब उनके घुटने में चोट लगी थी। उस समय उनके मैनेजर ने बताया था कि यह चोट वॉर 2 के एक गाने की रिहर्सल के दौरान लगी थी और डॉक्टरों ने उन्हें आराम की सलाह दी थी। वर्कफ्रंट की बात करें तो ऋतिक अब अपनी अपकमिंग फिल्म कृष 4 की तैयारी कर रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग 2026 में शुरू होने की उम्मीद है। खास बात यह है कि इसी फिल्म से ऋतिक निर्देशन में भी कदम रखने जा रहे हैं। ऋतिक आखिरी बार बड़े पर्दे पर फिल्म वॉर 2 में नजर आए थे। यह फिल्म 14 अगस्त 2025 को रिलीज हुई थी। यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की इस फिल्म में ऋतिक के अलावा जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी भी थे। फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी ने किया था।


### शाहिद कपूर ने की तृप्ति डिमरी की तारीफ

# वह बेहतरीन एक्ट्रेस हैं

बॉलीवुड एक्टर शाहिद कपूर जल्द फिल्म ओ रोमियो में नजर आएंगे। इस फिल्म में पहली बार उनकी जोड़ी एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी के साथ दिखाई देगी। हाल ही में बातचीत के दौरान शाहिद कपूर ने तृप्ति के साथ काम करने के अनुभव को लेकर बात की और उनकी जमकर तारीफ की।

शाहिद ने कहा कि तृप्ति एक बेहद शानदार एक्ट्रेस हैं और फिल्म में उनका किरदार बहुत खूबसूरत तरीके से लिखा गया है। उन्होंने बताया कि फिल्म में उनके और तृप्ति के किरदारों के बीच जो रिश्ता है, उसकी जर्नी काफी यूनीक और इंटरेस्टिंग है। शाहिद के मुताबिक, जब भी दो कलाकार पहली बार साथ काम करते हैं, तो उसमें एक अलग तरह की फ्रेशनेस होती है और अगर वह सही तरह से बैठ जाए, तो उसका असर स्क्रीन पर साफ दिखाई देता है।

शाहिद ने आगे कहा, मैंने तृप्ति के साथ काम करते हुए बहुत एंजॉय किया। वह अब अपने करियर के उस दौर में हैं, जहां वह लगातार अच्छा काम कर रही हैं। यह रोल उन्हें बहुत सूट करता है और जब दर्शक फिल्म देखेंगे, तो उन्हें यह साफ नजर आएगा।





**और लगातार अच्छा काम कर रही हैं**



फिल्म ओ रोमियो का निर्देशन विशाल भारद्वाज ने किया है और यह शाहिद के साथ उनकी चौथी फिल्म है। यह गैंगस्टर ड्रामा फिल्म 13 फरवरी 2026 को वैलेंटाइन डे के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में नाना पाटेकर, रणदीप हुड्डा, विक्रांत मैसी, दिशा पाटनी और तमन्ना भाटिया भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।



## हरियाणा में बॉलीवुड एक्ट्रेस से बदसलूकी का फोटो

### स्टेज के पास गुलाब लेकर खड़ा व्यक्ति, मौनी रॉय ने फिंगर दिखा छोड़ा शो, बोलीं- कमर पर हाथ रखा

बॉलीवुड एक्ट्रेस मौनी रॉय के साथ करनाल में हुई बदसलूकी का एक फोटो सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि मौनी जब स्टेज पर डांस परफॉर्मेंस दे रही हैं, तब बिल्कुल आगे खड़ा उम्रदराज व्यक्ति हाथों में गुलाब लिए खड़ा हैं। मना करने के बावजूद उन पर गुलाब के फूल फेंके गए।

इसके अलावा एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दिख रहा है कि परफॉर्मेंस के बीच अचानक एक्ट्रेस के चेहरे के भाव बदल गए। वो असहज महसूस करती हैं और फिर मिडिल फिंगर दिखाते हुए एग्जिट की तरफ बढ़ती हैं। हालांकि इस दौरान वो एक तरफ फ्लाइंग किस भी करती हैं।

बता दें कि यह इवेंट 23 जनवरी को करनाल के एक होटल में था, जहां राइस एक्सपोर्टर के बेटे की शादी थी। इसमें इखढ के स्थानीय विधायक जगमोहन आनंद भी पहुंचे थे। मौनी रॉय से पहले मलाइका अरोड़ा ने गुड़ नाल इश्क मीठाड्ढसमेत कई गानों पर परफॉर्म किया था। 24 जनवरी को मौनी रॉय ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में इस इवेंट का जिक्र किया। लिखा- इवेंट में मेहमानों के व्यवहार से मुझे बेहद निराशा हुई, खासकर उन दो अंकल लोगों के व्यवहार से जो दादा की उम्र के थे। मौनी ने खुद पर गुलाब फेंकने और कमर पर हाथ रखने की बात भी लिखी है। करनाल के सेक्टर 32-33 में स्थित होटल नूर महल में 23 जनवरी को राइस एक्सपोर्टर भूषण गोयल के बेटे अक्षत गोयल की शादी थी। समारोह को भव्य बनाने के लिए बॉलीवुड एक्ट्रेस को डांस परफॉर्मेंस देने के लिए बुलाया गया था। मुंबई से डांसरों का एक दल भी पहुंचा था। विधायक जगमोहन आनंद समेत कई हस्तियां नए जोड़े को आशीर्वाद देने पहुंचीं। शादी समारोह में नए जोड़े को आशीर्वाद देने के लिए करनाल से भाजपा विधायक जगमोहन आनंद भी पहुंचे थे।

### चहल से दोस्ती टूटने के बाद महवश का क्रिप्टिक पोस्ट

# लाइफ को फिक्स कर रही, हाल ही में एक-दूसरे को इंस्टाग्राम पर अनफॉलो किया है

आरजे और कंटेंट क्रिएटर महवश की हालिया सोशल मीडिया एक्टिविटी ने एक बार फिर भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल के साथ उनके रिश्ते को लेकर चर्चाओं को हवा दे दी है। इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो करने के कुछ ही दिनों बाद महवश ने एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया, जिसने फैंस का ध्यान खींचा है।

शुक्रवार को महवश ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी एक छोटी सी वीडियो क्लिप शेयर की, जिसमें वह कार में बैठकर बाल ठीक करती नजर आ रही हैं। वीडियो के साथ उन्होंने लिखा- 90% समय आप मुझे अपने बाल फिक्स करते हुए देखेंगे। बाकी समय मैं अपनी लाइफ को फिक्स कर रही होती हूं। इसके साथ उन्होंने हंसने वाला इमोजी भी लगाया।


इसके बाद एक और स्टोरी में महवश ने अपनी तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, आपके जीवन में शांति की दुआ कर रही हूं। सोशल मीडिया यूजर्स इन पोस्ट्स को उनकी पर्सनल



लाइफ से जुड़ी चल रही चर्चाओं से जोड़कर देख रहे हैं। महवश की ये पोस्ट्स ऐसे समय पर सामने आई हैं, जब हाल ही में उन्होंने और युजवेंद्र चहल ने इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया। हालांकि, दोनों में से किसी ने भी इस अनफॉलो के पीछे की वजह पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। गौरतलब है कि चहल और महवश के रिश्ते को लेकर लंबे समय से अटकलें लगती रही हैं, खासकर 2025 में चहल के कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा से तलाक के बाद। दोनों को कई मौकों पर साथ देखा गया, जिसके बाद डेटिंग की खबरें तेज हो गईं। हालांकि, चहल पहले ही इन अफवाहों को खारिज कर चुके हैं। राज शमानी के पॉडकास्ट में उन्होंने साफ कहा था कि उनके और महवश के बीच सिर्फ दोस्ती है। उन्होंने यह भी बताया था कि इन अफवाहों की वजह से महवश को ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा, जिसे लेकर उन्हें काफी बुरा लगा। फिलहाल, महवश और चहल ने ताजा अटकलों पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है, और फैंस सोशल मीडिया पोस्ट्स के जरिए ही कयास लगा रहे हैं।



# ग्राम पंचायत नरवर जनपद पंचायत उज्जैन की ओर से
## 26 जनवरी की हार्दिक शुभकामनाएं




सरपंच
रामचरण माल्या


## लोन... लोन... लोन...

श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)

हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

## आवश्यकता है

कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।

अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

## आवश्यकता

अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है। B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार

सम्पर्कः राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

## फार्म हाउस

मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर

9669777899

## आवश्यकता


में. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5
(सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)

CONTACT:
8225022548

## खरीदना है

मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए

पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547



अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
## श्री गोपाल हाड़ वैद्य
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

## भूमि बेचना है

ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।

सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

## बेचना है

दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

## किराए से देना है

1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पताः 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)

मोबाइल:
9425056656
9111175000

## वॉटर प्रुफिंग

करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280


26 जनवरी की सभी ग्रामवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं






## ग्राम पंचायत दताना की ओर से
## 26 जनवरी की सभी ग्राम वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



भारत-ईयू व्यापार समझौता

## आयातित कारों पर शुल्क 110% से घटकर 40 फीसदी हो सकता है



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते के तहत आयातित कारों पर शुल्क 110% से घटाकर 40% किया जा सकता है। इससे भारतीय ऑटो बाजार में प्रतिस्पर्धा और निवेश बढ़ने की उम्मीद है। भारत और यूरोपीय संघ के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते के तहत भारत आयातित कारों पर शुल्क में बड़ी कटौती की तैयारी कर रहा है। सूत्रों के अनुसार, यूरोपीय संघ से आने वाली कारों पर शुल्क 110 प्रतिशत तक से घटाकर 40 प्रतिशत किया जा सकता है। यह कटौती अब तक भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार को खोलने की सबसे बड़ी पहल मानी जा रही है।

सूत्रों ने बताया कि यह कम शुल्क उन सीमित कारों पर लागू होगा, जिनकी आयात कीमत 15,000 यूरो से अधिक है। आगे चलकर इस शुल्क को चरणबद्ध तरीके से 10 प्रतिशत तक लाने का भी प्रावधान हो सकता है। इससे यूरोपीय वाहन निमार्ताओं के लिए भारतीय बाजार में प्रवेश आसान होगा। कम शुल्क का सबसे ज्यादा लाभ फॉक्सवैगन, रेनो, मर्सिडीज-बेंज और बीएमडब्ल्यू जैसी यूरोपीय कंपनियों को मिलने की उम्मीद है। भारत और यूरोपीय संघ के बीच लंबे समय से चल रही व्यापार वाताओं के मंगलवार को संपन्न होने की घोषणा होने की संभावना है। इसके बाद समझौते के विस्तृत प्रावधानों को अंतिम रूप देकर दोनों पक्षों की मंजूरी ली जाएगी। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा और यूरोपीय आयोग (ईयू) की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डर लेयेन का रविवार को भारत आगमन पर गार्ड ऑफ ऑनर से स्वागत किया गया। दोनों नेता 16वें भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दिल्ली पहुंचे हैं।


तेजी से बढ़ते साइबर हमलों के दौर में हर व्यक्ति को जोखिम में डाल रहे

# छोटी-सी पॉलिसी बचाएगी जिंदगी भर की कमाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

एक छोटी-सी गलती में जीवन भर की कमाई उड़ सकती है। तेजी से बढ़ते साइबर हमलों के दौर में मोबाइल और ऑनलाइन बैंकिंग हर व्यक्ति को जोखिम में डाल रहे हैं। यही वजह है कि पर्सनल साइबर इंश्योरेंस अब सुविधा नहीं, बल्कि डिजिटल जीवन की अनिवार्य सुरक्षा बन चुका है। पढ़िए रिपोर्ट-

शिव कुमार अपने रिटायरमेंट के पैसों से एक छोटा-सा सपना बुन रहे थे। एक दोपहर उनके पास फोन आया-सर, आपका बिजली का बिल अपडेट नहीं है, अभी लिंक पर क्लिक करें, वरना कनेक्शन कट जाएगा। शिव कुमार ने घबराहट में क्लिक किया, एक डळढ साझा किया और अगले पांच मिनट में उनके खाते से 20 लाख रुपये गायब हो गए। सेक्राइट की इंडिया साइबर थ्रेट रिपोर्ट 2026 बताती है कि 2025 में 26.5 करोड़ से अधिक साइबर हमले हुए, यानी हर दिन औसत सात लाख से अधिक घटनाएं दर्ज की गईं।




### सही इंश्योरेंस पॉलिसी कैसे चुनें?

- **अपने जोखिम प्रोफाइल को जानें**: अपनी डिजिटल गतिविधियों और डाटा की संवेदनशीलता का आकलन करें। इसमें आपके द्वारा हैंडल किए जाने वाले डाटा के प्रकार और आपकी सुरक्षा प्रणालियों (जैसे एमएफए, फायरवॉल) का मूल्यांकन शामिल है।
- **कवरेज बारीकी से जांचें**: सुनिश्चित करें कि पॉलिसी फर्स्ट पार्टी लॉस (जैसे डाटा रिकवरी, रैनसमवेयर भुगतान) और थर्ड-पार्टी लायबिलिटी (जैसे ग्राहकों या भागीदारों द्वारा किए गए दावे), दोनों को कवर करती है।
- **एक्सक्लूजन पर ध्यान दें**: करीब 27% दावे केवल एक्सक्लूजन के कारण आंशिक रूप से भुगतान या अस्वीकार कर दिए जाते हैं। सामान्य एक्सक्लूजन में घटना की देरी से सूचना देना, सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन न करना या पॉलिसी से पहले की घटनाएं शामिल हैं।

### साइबर इंश्योरेंस की किसे जरूरत?

- ऑनलाइन खरीदार और बैंकिंग यूजर
- हाई-नेट-वर्थ इंडिविजुअल्स
- रिमोट वर्कर्स और फ्रीलांसर
- सोशल मीडिया यूजर्स और इन्फ्लुएंसर
- बच्चे और परिवार
- व्यक्तिगत जानकारी डिजिटल रूप से सहेजने वाले

### भारत में सबसे आम साइबर अपराध

- **धन की चोरी**: स्कैमर्स हैकिंग या फिशिंग के जरिये आपके बैंक खातों या डिजिटल वॉलेट तक पहुंच बनाकर अवैध रूप से पैसे ट्रांसफर कर लेते हैं।
- **पहचान की चोरी**: जब कोई थर्ड पार्टी इंटरनेट पर आपकी व्यक्तिगत जानकारी या कानूनी दस्तावेज (जैसे आधार या पैन) चुराकर उसका दुरुपयोग करता है।
- **फिशिंग**: हमलावर भरोसेमंद बनकर फर्जी ई-मेल या कॉल करते हैं, ताकि आपसे संवेदनशील जानकारी निकलवाई जा सके या मालवेयर डाउनलोड कराया जा सके।
- **धोखाधड़ी वाली ऑनलाइन बिक्री**: स्कैमर्स ऐसी वस्तुओं के लिए भुगतान प्राप्त करने के लिए नकली वेबसाइटें बनाते हैं, जो अस्तित्व में ही नहीं हैं।
- **डिजिटल अरेस्ट**: यह एक नया ट्रेंड है, जहां स्कैमर्स सरकारी अधिकारी बनकर आपको गंभीर अपराधों में फंसाने की धमकी देते हैं और डर का माहौल बनाकर बड़ी रकम वसूलते हैं।
- **कवरेज लिमिट, डिडक्टिबल**: डिडक्टिबल वह राशि है, जो आपको क्लेम मिलने से पहले जेब से देनी होगी।
- **क्लेम सेटलमेंट हिस्ट्री** : बीमा कंपनी का क्लेम सेटलमेंट रेशियो जांचें। उस कंपनी को चुनें, जिनके पास साइबर जोखिमों का अनुभव हो और जो 24/7 रिस्पॉन्स सहायता प्रदान करती हो।

### असली समस्या

आपके हाथ में मौजूद स्मार्टफोन सिर्फ एक गैजेट नहीं, बल्कि आपके बैंक की चाबी है। जितनी तेजी से वढक ई-बैंकिंग और ऑनलाइन शॉपिंग का ट्रेंड बढ़ा है, उतनी ही तेजी से साइबर ठगों के हमले भी बढ़े हैं। ऐसे में पर्सनल साइबर इंश्योरेंस डिजिटल जीवन की सबसे जरूरी चीज बन चुका है।

### जानना जरूरी है साइबर

### इंश्योरेंस के लाभ

- **वित्तीय सुरक्षा**: यह साइबर हमले के कारण हुए धन के नुकसान की भरपाई करता है और चोरी हुए डाटा को बहाल करने की लागत को कवर करता है।
- **प्रतिष्ठा की बहाली**: यदि हमले से आपकी सामाजिक या व्यावसायिक साख खराब होती है, तो यह संकट प्रबंधन और प्रतिष्ठा सुधारने के खर्चों में मदद करता है।
- **कानूनी सहायता**: डाटा उल्लंघन के कारण होने वाले मुकदमों, कानूनी बचाव और नियामक जुमार्ने के खर्च को कवर करता है।
- **विशेषज्ञ सहायता**: धोखाधड़ी होने पर साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों से तुरंत तकनीकी मदद और जांच प्रक्रिया में सहायता मिलती है।
- **व्यवसाय की निरंतरता**: हमले से काम ठप हो जाए, तो यह आय के नुकसान की भरपाई करता है, ताकि बिजनेस जल्द पटरी पर लौटे।
- **मानसिक शांति**: बीमा होने पर आप बिना किसी बड़े डर के डिजिटल भुगतान, ऑनलाइन शॉपिंग और ट्रांजैक्शन कर सकते हैं।

शुद्धता की गारंटी, मुनाफे की चांदी

## मेकिंग चार्ज और लॉकर के झंझट से मुक्त सीधे शुद्ध सोने में निवेश



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

जब दुनिया में उथल-पुथल मचती है और शेयर बाजार हिचकोले खाता है, तब सोना ही संकट का साथी बनता है। 2025 में सोने ने जो रफ्तार पकड़ी, उसने साबित कर दिया कि पोर्टफोलियो में पीली धातु का होना क्यों जरूरी है।

सोने में निवेश बढ़ने के साथ ही इसका तरीका भी बदल गया है। ऐसे ही एक प्रमुख विकल्प के रूप में यूटीआई गोल्ड ईटीएफ उभरकर सामने आया है, जो आपको सोने की वास्तविक कीमत के साथ जुड़ने का एक पारदर्शी, तरल और साधारण तरीका देता है। सबसे अच्छी बात यह है कि इसमें सोने की शुद्धता और सुरक्षा को लेकर कोई चिंता नहीं होती।

**एक साल में पैसा डबल**

21 जनवरी, 2026 तक के आंकड़ों पर नजर डालिए। पिछले एक साल में इस ईटीएफ ने 100% का रिटर्न दिया है। मतलब, साल भर में मुनाफा दोगुना हो गया।

**पांच साल का रिटर्न**: 202.97%

**लॉन्च से अब तक (2007 से)**: 1251.05%

**18 साल पुराना भरोसा**

यूटीआई म्यूचल फंड ने इसे 17 अप्रैल, 2007 को लॉन्च किया था। 21 जनवरी, 2026 तक इसका अवट 3282.12 करोड़ रुपये हो चुका है। यह ईटीएफ 999 शुद्धता वाले सोने के भाव को ट्रैक करता है।

| अवधि | रिटर्न |
|---|---|
| पिछले 1 साल में | 100.00% |
| पिछले 5 साल में | 202.97% |
| लॉन्च से अब तक | 1251.05% |

**लाभ और विशेषताएं-** सीधे सोने के दाम में निवेश, आभूषणों की तरह मेकिंग चार्ज नहीं। लिक्विडिटी मिलती है, शेयर बाजार के समय में खरीद और बिक्री संभव। कोई लॉक-इन पीरियड नहीं होता, जब चाहें निकल सकते हैं।

बजट में इन्फ्रा खर्च को दोगुना कर सकती है सरकार

# बुनियादी ढांचा सुधारों पर देना होगा जोर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत को वैश्विक आर्थिक पावरहाउस बनाने के लिए बुनियादी ढांचा सुधारों पर जोर देना होगा। विकसित भारत लक्ष्य पाने के लिए बजट में इन्फ्रा खर्च को सरकार दोगुना कर सकती है।

वैश्विक चुनौतियों, टैरिफ संकट और कई देशों में तनाव के बीच सरकार अर्थव्यवस्था की रफ्तार बढ़ाकर 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए 2026-27 के बजट में बुनियादी ढांचा (इन्फ्रा) परियोजनाओं पर खर्च को दोगुना कर सकती है। खर्च बढ़ाने से न सिर्फ लोगों के लिए बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे, बल्कि कमाई और खर्च में भी इजाफा होगा। लॉजिस्टिक्स सेक्टर स्किल काउंसिल (एलएससी) का कहना है कि भारत को वैश्विक आर्थिक पावरहाउस के रूप में स्थापित करने के सपने को साकार करने के लिए बुनियादी ढांचा सुधारों और अलग-अलग क्षेत्रों में आवंटन बढ़ाने की जरूरत है। उनका मानना है कि पिछले साल राज्यों को



ब्याज-मुक्त कर्ज के लिए 1.50 लाख करोड़ रुपये के आवंटन और हाईवे, शहरी परिवहन एवं स्मार्ट शहरों में ऐतिहासिक निवेश के आधार पर सरकार बजट में इन्फ्रा परियोजनाओं पर खर्च को दोगुना कर तीन लाख करोड़ कर सकती है।

एलएससी के सीईओ रविकांत यमार्थी ने कहा, लॉजिस्टिक्स क्षेत्र जैसे-जैसे भारत की आर्थिक गति का इंजन बन रहा है, बजट-2026 आर्थिक वृद्धि दर बढ़ाने, रोजगार के अवसर सृजित करने और आत्मनिर्भर भारत में नए बेंचमार्क स्थापित करने का एक निर्णायक अवसर देता है। हाईवे, रेलवे और लॉजिस्टिक्स कॉरिडोर में वर्षों के बड़े निवेश के बाद बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर आवंटन को दोगुना करने की संभावना से आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बनाने, वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने और निवेश आकर्षित करने को बढ़ावा मिल सकता है।

### इन्फ्रा के दम पर आएगी खपत की अगली लहर

संजय घोडावत ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्रेणिक घोडावत ने कहा, इन्फ्रा के दम पर ही देश में खपत की अगली लहर लाई जा सकती है। इसके लिए मॉडर्न वेयरहाउसिंग, कोल्ड-चेन फैसिलिटी और लास्ट-माइल लॉजिस्टिक्स कॉरिडोर जैसे खुदरा केंद्रित इन्फ्रास्ट्रक्चर में निवेश बढ़ाना होगा। इन्फ्रा पर लगातार जोर से नए मौके खुलेंगे। वर्टेक्स ग्रुप के संस्थापक गगन अरोड़ा ने कहा, उम्मीद है कि सरकार विश्वस्तरीय डाटा सेंटर में बड़े निवेश, इन सुविधाओं के लिए किफायती बिजली टैरिफ, अत्याधुनिक कंप्यूटिंग नेटवर्क और एआई हार्डवेयर बनाने वाली कंपनियों को टैक्स में राहत दे सकती है। इस कदम से भारत को पूरी आर्थिक क्षमता हासिल करने में मदद मिलेगी। वैश्विक तनाव बढ़ने के बीच एक फरवरी को पेश होने वाले बजट में रोजगार सृजन को बढ़ावा देने और निर्यात को मजबूत समर्थन दिए जाने की जरूरत है। फिक्की के सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक, अधिकांश उद्योग प्रतिनिधियों ने भारत की आर्थिक वृद्धि पर भरोसा जताया है।

भारतीय व्यवसायों को वैश्विक मंच देगा जोहो

# एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग प्लेटफॉर्म लॉन्च, कई फीचर्स

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

जोहो ने अपनी नई जोहो ईआरपी सेवा को तमिलनाडु के कुंभकोणम में लॉन्च किया है। यह एक पूरी तरह से भारत में बनी एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग प्रणाली है, जो खास तौर पर तेजी से बढ़ते भारतीय व्यवसायों के लिए तैयार की गई है। जोहो ईआरपी की खास बात यह है कि यह पुराने और महंगे ईआरपी सिस्टम की तुलना में ज्यादा लचीला, आसान और कम खचीर्ला है।

जोहो ने भारतीय व्यवसायों को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को कुंभकोणम से जोहो एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग (ईआरपी) प्लेटफॉर्म लॉन्च किया। जोहो के सह-संस्थापक व चीफ साइंटिस्ट डॉ. श्रीधर वेम्बु ने कहा, ईआरपी प्लेटफॉर्म में ऐसे फीचर्स को शामिल किया गया है जो मौजूदा पारंपरिक प्लेटफार्म में नहीं है। जहां पहले से उपलब्ध अन्य प्लेटफार्म में एआई को एक अतिरिक्त लेयर के रूप में जोड़ा जाता है, वहीं जोहो ईआरपी के पूरे प्लेटफार्म में पहले से इसे समाहित किया गया है। मेड इन इंडिया, एआई नेटिव जोहो ईआरपी भारतीय व्यवसायों को वैश्विक स्तर पर विकास करने में सक्षम बनाएगा। वेम्बु ने कहा, जोहो ईआरपी भारतीय व्यवसायों को सरलता से कम लागत में आगे बढ़ने में सहायक होगा। इस एक ही प्लेटफार्म में कोर फाइनेंशियल मैनेजमेंट, बिलिंग, स्पेंड मैनेजमेंट, सप्लाई चेन मैनेजमेंट, आमेनीचैनल कॉमर्स और पेरोल मैनेजमेंट को इंटीग्रेट किया गया है। एसेट मैनेजमेंट, बजटिंग, वित्तीय समापन की सुविधा भी दी गई है। जोहो ईआरपी में मैन्यूफैक्चरिंग, डिस्ट्रीब्यूशन, रिटेल और नॉन प्रॉफिट संगठनों के लिए उनकी जरूरत के अनुसार फीचर्स हैं। यह उनकी संचालन और अनुपालन से जुड़ी विशेष जरूरतों को पूरा करता है। इससे प्रोक्योरमेंट, प्रोडक्शन प्लानिंग से लेकर अंतिम बिक्री तक सभी चरणों का प्रबंधन कर सकते हैं। एआई फीचर इस प्लेटफार्म को और भी खास बनाता है। आस्क जिया के जरिए वॉयस आधारित सहायता, स्वचालन, विसंगती या गड़बड़ी का पता लगाना, प्रेडक्टिव इनसाइट्स और वित्त व संचालन में पूरी दृश्यता मिलती है।

## सुप्रीम कोर्ट जज बोले-जजों का तबादला न्यायपालिका का आंतरिक मामला

ब्रह्मास्त्र ⏩ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस उज्ज्वल भुइयां ने शनिवार को कहा कि जजों का ट्रांसफर न्यायपालिका का आंतरिक मामला है। इसमें सरकार या केंद्र की कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार के खिलाफ फैसले देने वाले जजों का तबादला करना न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर सीधा हस्तक्षेप है। जस्टिस भुइयां पुणे के क्छर लॉ कॉलेज में प्रिंसिपल जीवी पंडित मेमोरियल लेक्चर में शामिल हुए थे।

जब कॉलेजियम के प्रस्ताव में ही यह दर्ज हो कि किसी जज का ट्रांसफर केंद्र सरकार के दोबारा विचार करने के कारण हुआ, तो यह कॉलेजियम सिस्टम की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। केंद्र सरकार का हाई कोर्ट जजों के ट्रांसफर या पोस्टिंग में कोई दखल नहीं हो सकता। यह पूरी तरह न्यायपालिका के अधिकार क्षेत्र में आता है और न्याय के बेहतर प्रशासन के लिए होना चाहिए। कॉलेजियम के फैसलों में कार्यपालिका के असर की यह खुली स्वीकृति बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। देश के संविधान निमार्ताओं ने संसद की संप्रभुता के बजाय संविधान की सर्वोच्चता को चुना। भारत में संसद सर्वोच्च नहीं है, संविधान सर्वोच्च है।

### सरकार के पुनर्विचार के बाद जस्टिस श्रीधरन का ट्रांसफर बदला गया

अक्टूबर 2025 में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के जस्टिस अतुल श्रीधरन का ट्रांसफर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट से बदलकर इलाहाबाद हाई कोर्ट करने की सिफारिश की थी। कॉलेजियम के बयान में यह दर्ज था कि यह बदलाव केंद्र सरकार के पुनर्विचार अनुरोध के बाद किया गया। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में जस्टिस श्रीधरन सीनियरिटी के आधार पर कॉलेजियम का हिस्सा बनते, जबकि इलाहाबाद हाईकोर्ट में उनकी सीनियरिटी काफी नीचे थी। यह फैसला इसलिए भी चर्चा में रहा क्योंकि जस्टिस श्रीधरन की पहचान एक स्वतंत्र जज के रूप में रही है, जिनमें इखढ मंत्री विजय शाह के खिलाफ कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई टिप्पणी के मामले में स्वतः संज्ञान लेकर एफआईआर करने का आदेश शामिल है।

### राष्ट्रपति मुर्मू बोलीं-बेटियों ने क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतकर रिकॉर्ड बनायाः

# देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी; भारत जल्द दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था

ब्रह्मास्त्र ⏩ नई दिल्ली



77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि यह उत्सव देशवासियों में राष्ट्रीय एकता और गौरव की भावना को मजबूत बनाता है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि इस साल गणतंत्र दिवस के साथ-साथ वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने का उत्सव भी मनाया जा रहा है। गणतंत्र दिवस का यह पवित्र दिन हमें देश के अतीत, वर्तमान और भविष्य पर सोचने और समझने का मौका देता है। समय के साथ हमारे देश की हालत बदली है। भारत आजाद हुआ और हम खुद अपने देश के भविष्य को तय करने वाले बने।

उन्होंने कहा कि देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। 57 करोड़ जन-धन अकाउंट में 56 फीसदी महिलाओं के अकाउंट हैं। 10 करोड़ से ज्यादा सेल्फ हेल्प ग्रुप हैं। खेल-कूद में हमारी बेटियों ने रिकॉर्ड बनाए हैं। महिला क्रिकेट टीम ने क्छउ क्रिकेट वर्ल्ड कप, ब्लाइंड वर्ल्ड कप जीता है। नारी शक्ति कानून से देश की महिलाएं और सशक्त होंगीं।

भारत शांति का संदेशवाहक- वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव और संघर्षों के बीच भारत दुनिया में शांति का संदेश फैला रहा है। भारतीय परंपरा में संपूर्ण विश्व में शांति की कामना निहित है और मानवता का भविष्य तभी सुरक्षित है जब पूरी दुनिया में शांति होगी। हमें गर्व है कि हम भारत भूमि पर जन्मे हैं। हमारे देश के लिए कवि गुरु रवींद्रनाथ ठाकुर ने कहा था- 'हे मेरे देश की मिट्टी, मैं तुम्हारे चरणों में अपना सिर झुकाता हूं।'

विकास में अलग-अलग सेक्टर की भूमिका- हमारे पुलिसकर्मी और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस के जवान देश की आतंरिक रक्षा के लिए तत्पर रहते हैं। हमारे सेवाधर्मी डॉक्टर, नर्स, स्वास्थ्यकर्मी देशवासियों की सेवा करते हैं। हमारे इंजीनियर देश के विकास में भूमिका निभाते हैं। हमारी देश के संवेदनशील नागरिक देश को सशक्त बना रहे हैं। किसानों की दम पर कृषि प्रोडक्ट्स विदेश में भेजे जा रहे हैं।

नारी शक्ति पर- महिलाओं का सक्रिय और समर्थ होना देश के विकास के लिए जरूरी है। उनके स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे राष्ट्रीय प्रयासों से अनेक क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है।

ऑपरेशन सिंदूर पर- पिछले साल हमारे देश ने ऑपरेशन सिंदूर से आतंकवाद के ठिकानों पर सटीक प्रहार किया। आतंक के अनेक ठिकानों को धवस्त किया गया। बहुत से आतंकवादियों को उनके अंजाम तक पहुंचाया गया। थल-सेना, वायुसेना और नौसेना की शक्ति के आधार पर हमारी सुरक्षा-क्षमता पर देशवासियों को पूरा भरोसा है। युवा शक्ति और मेरा युवा भारत पर- भारत के पास दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी है। मेरा युवा भारत तकनीक आधारित मंच युवाओं को नेतृत्व और कौशल विकास के अवसरों से जोड़ता है। स्टार्ट-अप्स की सफलता मुख्य रूप से युवा उद्यमियों की बदौलत है और यही शक्ति भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाएगी।

जीएसटी, श्रम सुधार पर- जीएसटी स्वतंत्रता के बाद आर्थिक एकीकरण का सबसे बड़ा निर्णय है, जिससे ह्यवन नेशन, वन मार्केट की व्यवस्था स्थापित हुई। चार श्रम संहिताएं और विश्वस्तरीय अवसंरचना विकास उद्योग और रोजगार के लिए मील का पत्थर हैं।

मतदाता दिवस पर- 25 जनवरी को देश में राष्ट्र मतदाता दिवस भी मनाया जाता है। जन-प्रतिनिधियों के निर्वाचन के लिए हमारे वयस्क नागरिक उत्साहपूर्वक मतदान करते हैं। बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर मानते थे कि मताधिकार के प्रयोग से राजनैतिक शिक्षा सुनिश्चित होती है। मतदान में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी देश के विकास में बहुत महत्वपूर्ण है। पर्यावरण संरक्षण पर- पर्यावरण संरक्षण आज की अत्यंत महत्वपूर्ण प्राथमिकता है। मुझे इस बात पर गर्व होता है कि पर्यावरण से जुड़े अनेक क्षेत्रों में भारत ने विश्व समुदाय का मार्गदर्शन किया है। प्रकृति के साथ समन्वित जीवन-शैली भारत की सांस्कृतिक परंपरा का हिस्सा रही है। यही जीवनशैली, विश्व समुदाय को दिए गए हमारे संदेश लाइफस्टाइल फॉर एनवायरमेंट यानी छक्क्षड्ढ का आधार है। हम ऐसे प्रयास करें जिनसे भावी पीढ़ियों के लिए धरती माता के अनमोल संसाधन उपलब्ध रह सकें।

## स्टालिन बोले-तमिलनाडु में हिंदी के लिए कोई जगह नहीं:



ब्रह्मास्त्र ⏩ चैन्नई

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने तमिल भाषा शहीद दिवस पर रविवार को राज्य के भाषा शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि यहां हिंदी के लिए कभी भी कोई जगह नहीं होगी। उन्होंने आगे कहा कि हम इसे थोपने का हमेशा विरोध करेंगे। तमिल भाषा के लिए हमारा प्यार कभी नहीं मरेगा। स्टालिन ने कहा कि जब भी हिंदी को हम पर थोपा गया, इसका उसी तेजी से विरोध भी किया गया। उट ने कहा कि मैं उन शहीदों को कृतज्ञतापूर्वक सम्मान देता हूं जिन्होंने तमिल के लिए अपनी कीमती जान दे दी। भाषा युद्ध में अब और कोई जान नहीं जाएगी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और उप मुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने तमिल भाषा के शहीदों थलामुतु और नटरासन की तस्वीरों पर फूल चढ़ाए। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और उप मुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने तमिल भाषा के शहीदों थलामुतु और नटरासन की तस्वीरों पर फूल चढ़ाए। तमिलनाडु उट ने भाषा शहीद दिवस के मौके पर एक्स पर हिंदी विरोधी आंदोलन से जुड़े इतिहास का एक छोटा वीडियो शेयर किया।

### एक और हिंदू को जिंदा जलायाःगैराज में सो रहा था, बाहर से आग लगा दी;

# बांग्लादेश में पिछले 40 दिनों में 10 हिंदुओं की हत्या


ब्रह्मास्त्र ⏩ नई दिल्ली

बांग्लादेश के नरसिंदी जिले में एक और हिंदू युवक की जिंदा जलाकर हत्या का मामला सामने आया है। 23 साल के चंचल चंद्र भौमिक का जला हुआ शव शुक्रवार रात एक गैराज के अंदर मिला। परिवार ने इसे सोची-समझी हत्या बताया है। घटना नरसिंदी शहर के पुलिस लाइंस से सटे मस्जिद मार्केट इलाके में हुई। चंचल जिस गैराज में काम करता था, उसी के अंदर उसका शव मिला। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और उउळश फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, घटना के वक्त चंचल गैराज के अंदर सो रहा था। रात के समय किसी ने बाहर से शटर पर पेट्रोल डाला और आग लगा दी। आग तेजी से अंदर फैल गई।

इससे पहले 18 दिसंबर 2025 को मैमनसिंह जिले में हिंदू युवक दीपू चंद्र दास को भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला था। उनके शव को पेड़ पर लटकाकर आग लगा दी गई थी। पिछले 40 दिनों 10 हिंदुओं की हत्या हो चुकी है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि चंचल आग में फंसा रहा और काफी देर तक तड़पता रहा। वह मदद के लिए चीख रहा था, लेकिन बाहर से शटर लॉक था। उसे निकलने का रास्ता नहीं मिला। लोकल लोगों की सूचना पर फायर सर्विस पहुंची और आग बुझाने में करीब एक घंटे लगे। लेकिन चंचल पूरी तरह जल चुका था, मौके पर ही उसकी मौत हो गई। लोगों ने घटना को दिल दहला देने वाला बताया। स्थानीय दुकानदार राजीब सरकार ने सीसीटीवी का हवाला देकर कहा कि ह्ययह हादसा नहीं था। कैमरे में दिखा कि कई लोग जानबूझकर शटर को आग लगाते हैं।



### हिंदू नेताओं ने हत्या की निंदा की

स्थानीय हिंदू समुदाय के नेताओं ने हत्या की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इसे बर्बर और अमानवीय बताया। उन्होंने अधिकारियों से अपराधियों को जल्द गिरफ्तारी कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। हिंदू नेताओं ने हिंदू के खिलाफ अपराध पर चिंता जताते हुए कहा कि इलाके में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों और कमजोर मजदूरों की सुरक्षा मजबूत करें। वहीं मानवाधिकार कार्यकताओं ने कहा कि निष्पक्ष जांच हो और न्याय मिले। उन्होंने इन घटनाओं को रोकने की मांग की है।

### काम के लिए आया था, परिवार में कमाने वाला इकलौता था

चंचल कमिला जिले के लक्ष्मीपुर गांव का रहने वाला था। वह नरसिंदी में नौकरी की वजह से रहता था। वह परिवार में कमाने वाला इकलौता था। चंचल पुलिस लाइंस के पास मस्जिद मार्केट में एक गैरेज में पिछले 6 साल से काम करता था। चंचल के पिता खोकन चंद्र भौमिक का पहले ही निधन हो चुका है। वह बीमार मां और 2 भाईयों की जिम्मेदारी संभाल रहा था। बड़ा भाई विकलांग है और एक छोटा भाई हैं। परिवार ने चंचल की मौत को सोची-समझी साजिश बताया है। उन्होंने जिम्मेदारों की गिरफ्तारी की मांग की है।


### जाहिर सूचना

कृषि भूमि सर्वे नंबर 68 रकबा 1.65 हैक्टेयर स्थित ग्राम कुमार्डी तहसील धट्टिया जिला उज्जैन के संबंध मे सर्व साधारण एवं श्रीमती गुलाबजान पति बहादूर खान जाति मुसलमान निवासी ग्राम कुमार्डी तहसील धट्टिया जिला उज्जैन को मेरे पक्षकार विक्रमसिंह पिता केसरीमलजी जाति कुमावत निवासी ग्राम कुमार्डी तहसील धट्टिया जिला उज्जैन की ओर से उक्त जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार विक्रमसिंह पिता केसरीमल एवं श्रीमती गुलाबजान पति श्री बहादूर खान के मध्य वादग्रस्त कृषि भूमि सर्वे नंबर 68 रकबा 1.65 हैक्टेयर स्थित ग्राम कुमार्डी तहसील धट्टिया जिला उज्जैन के संबंध में एक अनुबंध पत्र दिनांक 19-1-2004 को संपादित हुआ था तथा वादग्रस्त भूमि का विकय श्रीमती गुलाबजान द्वारा मेरे पक्षकार को कर दिया गया है। अनुबंध पत्र का पालन नही किये जाने से मेरे पक्षकार ने न्यायालय में कार्यवाही की थी जिसमे षष्ठम अपर जिला न्यायाधीश फास्ट टेक कोर्ट द्वारा प्रकरण क्रमांक 50 ए/2010 में दिनांक 30-4-2011 को निर्णय पारित कर वादग्रस्त भूमि सर्वे नंबर 68 रकबा 1.65 हैक्टेयर स्थित ग्राम कुमार्डी तहसील धट्टिया जिला उज्जैन का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार विक्रमसिंह पिता केसरीमल के हित मे संपादित किये जाने हेतु निर्णय एवं जयपत्र पारित किया गया है उक्त निर्णय एवं जयपत्र के विरूद्ध गुलाबजान द्वारा प्रथम अपील माननीय उच्च न्यायालय खण्डपीठ इंदौर के समक्ष प्रस्तुत की गई है जो प्रकरण कमांक 670/2011 पर विचाराधीन है। मेरे पक्षकार को विश्वस्त्र सूत्रो से ज्ञात हुआ है कि श्रीमती गुलाबजान मेरे पक्षकार के हितो को नुकसान कारित करने की नियत से वादग्रस्त भूमि को अन्यत्र विक्रय करने के प्रयास में है जबकि श्रीमती गुलाबजान द्वारा वादग्रस्त भूमि सर्वे नंबर 68 रकबा 1.65 हैक्टेयर भूमि स्थित ग्राम कुमार्डी तहसील धट्टिया जिला उज्जैन को मेरे पक्षकार को विक्रय कर दी गई है तथा मेरे पक्षकार के हित मे न्यायालय द्वारा निर्णय एवं डिकी पारित की गई है। इस प्रकार वादग्रस्त भूमि मेरे पक्षकार के स्वत्वाधिकार की है यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, आदि द्वारा श्रीमती गुलाबजान से वादग्रस्त भूमि के संबंध मे कोई सव्यवहार किया जाता है तो उक्त सव्यवहार मेरे पक्षकार के हितो के विपरित होने से मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नही होगा। सूचित हो। इति दिनांक 25-1-2026। कार्यालयीन समय सायं 8 से 10 तक।

**रजनीकांत बाकलिया एडवोकेट**
**2/1 गोराना पैलेस ढाबा रोड उज्जैन**
**मो.नं. 94259-46735**

## अमेरिका में 2 साल की बच्ची को हिरासत में लिया:

# कार में बैठी थी, अफसरों ने गाड़ी रोकी, शीशा तोड़ा और पिता के साथ पकड़ लिया

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

अमेरिका के मिनियापोलिस में गुरुवार को एक 2 साल की बच्ची को उसके पिता के साथ इमिग्रेशन एजेंसी इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एन्फोर्समेंट (क्ळए) ने हिरासत में ले लिया। यह जानकारी होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट ने दी है। एल्विस जोएल टिपान-एचेवेरिया और उनकी 2 साल की बेटी क्लोए रेनाटा टिपान विलासिस को उस समय रोका गया, जब वे किराने का सामान लेकर घर लौट रहे थे। इसके बाद दोनों को साउथ मिनियापोलिस ले जाया गया। मिनियापोलिस सिटी काउंसिल के मेंबर जेसन चावेज ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि एक संदिग्ध गाड़ी ने पिता की कार का पीछा किया, उनकी कार का शीशा तोड़ा गया और पिता-बच्ची को पकड़ लिया। इस दौरान कोई वारंट नहीं दिखाया गया।रिपोर्ट के मुताबिक, कोर्ट ने कहा था कि बच्ची को तुरंत रिहा किया जाए, लेकिन इसके बाद भी पिता और बच्ची दोनों को टेक्सास भेज दिया गया। परिवार की वकील किरा केली ने शुक्रवार को बताया कि बच्ची अब हिरासत से बाहर है और इस घटना से उबर रही है। 2 साल क्लोए रेनाटा टिपान विलासिस इस कार्रवाई के बाद सदमे में आ गई थी, जिससे अब वह धीरे-धीरे उबर रही है।

### बच्ची के पिता पर गलत तरीके से गाड़ी चलाने का आरोप

होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट (ऊ्रर) ने कहा कि पिता बच्ची के साथ गलत तरीके से गाड़ी चला रहे थे। विभाग के मुताबिक, टिपान-एचेवेरिया इक्वाडोर के नागरिक हैं, अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे हैं और उन्होंने कानून तोड़ा है।

विभाग ने कहा कि बच्ची की देखभाल की गई क्योंकि मां ने उसे अपने साथ लेने से इनकार कर दिया था। बाद में पिता और बच्ची को एक फेडरल सेंटर में दोबारा मिलाया गया।

### बच्ची की मां ने उसे लेने से इनकार कर दिया था

टिपान-एचेवेरिया ने कार का दरवाजा खोलने या शीशा नीचे करने से मना कर दिया था, जबकि उन्हें कानूनी आदेश दिए गए थे। विभाग के मुताबिक, एजेंट्स ने बच्ची को मां को सौंपने की कोशिश की, लेकिन मां ने उसे लेने से मना कर दिया। इस दौरान करीब 100 से ज्यादा लोगों की भीड़ वहां जमा हो गई और क्ळए एजेंटों को जाने से रोक दिया। भीड़ ने एजेंटों और बच्ची की ओर पत्थर और कूड़ेदान फेंके, जिसके बाद हालात काबू में किए गए। क्लोए हाल के हफ्तों में क्ळए द्वारा हिरासत में ली गई पांचवीं बच्ची है। इससे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की इमिग्रेशन नीति को लेकर विवाद बढ़ गया है।

यह कार्रवाई ह्यऑपरेशन मेट्रो सर्ज के तहत की जा रही है। यह एक बड़ा इमिग्रेशन ऑपरेशन है, जिसे क्ळए और कस्टम्स एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन मिलकर चला रहे हैं। यह ऑपरेशन दिसंबर 2025 से शुरू हुआ था। यह ऑपरेशन मुख्य रूप से मिनेसोटा, खासकर मिनियापोलिस-सेंट पॉल इलाके में चलाया जा रहा है। जनवरी 2026 तक इसमें करीब 3,000 एजेंट शामिल थे। इस ऑपरेशन पर हर हफ्ते करीब 18 मिलियन डॉलर खर्च हो रहे हैं।हाल के हफ्तों में एजेंट्स ने बिना किसी वारंट के लोगों के घरों में घुसने की भी कोशिश की है। इमिग्रेंट लॉ सेंटर ऑफ मिनेसोटा की पॉलिसी डायरेक्टर जूलिया डेकर ने कहा कि सरकार खुद को कानून से ऊपर समझने लगी है। उन्होंने बताया कि यह साफ नहीं है कि बिना वारंट कितनी बार घरों में घुसपैठ हुई है, क्योंकि कई घटनाएं रिकॉर्ड भी नहीं हो पाईं। अब वकीलों को 'अपने अधिकार जानो' जैसी ट्रेनिंग में यह भी कहना पड़ता है कि एजेंट्स हमेशा संविधान और कानून का पालन नहीं कर रहे हैं।

**ऑपरेशन मेट्रो सर्ज**

**अमेरिका में इमिग्रेशन पर बड़ी कार्रवाई**

शुरुआत- दिसंबर 2025 | कहां चल रहा- मिनेसोटा राज्य




- क्यों चलाया जा रहा- अवैध अप्रवासियों के खिलाफ
- कौन चला रहा- US होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट
- आरोप- बिना वारंट घरों में घुसपैठ

**राज्य में हजारों सरकारी एजेंट तैनात**

- मिनियापोलिस से शुरू अब पूरे मिनेसोटा में जारी
- स्कूल, चर्च, मस्जिद और घरों के पास भी कार्रवाई

# कनाडाई पीएम बोले- लोग स्वदेशी सामान खरीदें



ब्रह्मास्त्र ›› कनाडा

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने ट्रम्प की टैरिफ धमकी के बाद देशवासियों से स्वदेशी सामान खरीदने की अपील की है।

कार्नी ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि कनाडा की अर्थव्यवस्था पर इस वक्त बाहरी खतरा है, इसलिए जो हमारे नियंत्रण में है, उसी पर ध्यान देना होगा। कार्नी का यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कनाडा को चीन के साथ व्यापार समझौते करने पर कड़ी चेतावनी दी है। ट्रम्प ने कहा कि अगर कनाडा ने चीन के साथ व्यापारिक रिश्ते बढ़ाए, तो अमेरिका कनाडाई सामान पर 100 फीसदी टैरिफ लगाएगा।

उन्होंने कहा, ट्रम्प ने कनाडाई पीएम को गवर्नर कार्नी कहा ट्रम्प ने शनिवार को ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए कनाडाई प्रधानमंत्री को गवर्नर कार्नी कहा। उन्होंने लिखा कि अगर कार्नी कनाडा को चीन के लिए अमेरिका में सामान भेजने का ह्यड्रॉप ऑफ पोर्ट बनाना चाहते हैं, तो यह गलतफहमी है। ट्रम्प ने आगे कहा कि चीन कनाडा के कारोबार, सामाजिक ढांचे और जीवनशैली को पूरी तरह नष्ट कर देगा। इससे पहले शुक्रवार को भी ट्रम्प ने कहा था कि चीन, कनाडा को एक साल के अंदर ही खा जाएगा।

# NATO देशों की नाराजगी के बाद ट्रम्प ने बदला सुर

## ब्रिटिश सैनिकों की तारीफ की, कहा- अफगानिस्तान में जो शहीद हुए, वे महान योद्धा

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन



अफगानिस्तान युद्ध में ठअळड की भूमिका पर विवादित बयान के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने डैमेज कंट्रोल की कोशिश की है। शनिवार को उन्होंने ब्रिटिश सैनिकों की तारीफ करते हुए अफगानिस्तान युद्ध में उनकी कुर्बानियों को याद किया। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि ब्रिटेन के महान और बेहद बहादुर सैनिक हमेशा अमेरिका के साथ रहेंगे। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान में 457 ब्रिटिश सैनिक मारे गए, कई गंभीर रूप से घायल हुए और वे दुनिया के सबसे महान योद्धाओं में शामिल थे।

ट्रम्प का यह बयान उस विवाद के बाद आया है, जब उन्होंने इस हफ्ते एक इंटरव्यू में कहा था कि ठअळड देशों ने अफगानिस्तान में सीमित भूमिका निभाई और वे फ्रंटलाइन से दूर रहे। उनकी इस टिप्पणी से ठअळड के सहयोगी देशों में नाराजगी फैल गई थी। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने ट्रम्प के बयान को ह्लअपमानजनक और बेहद आपत्तिजनकह्व बताया। अफगानिस्तान युद्ध में हिस्सा ले चुके प्रिंस हैरी ने भी कहा कि ठअळड सैनिकों की कुर्बानियों को सम्मान और सच्चाई के साथ याद किया जाना चाहिए। स्टार्मर ने शनिवार को ट्रम्प से फोन पर बात की। डाउनिंग स्ट्रीट के मुताबिक, बातचीत में अफगानिस्तान में साथ लड़ने वाले ब्रिटिश और अमेरिकी सैनिकों की बहादुरी और बलिदान पर चर्चा हुई। 11 सितंबर 2001 को अमेरिका के इतिहास का सबसे बड़ा आतंकी हमला हुआ था। अल-कायदा के आतंकियों ने चार यात्री विमानों को हाईजैक किया। इनमें से दो विमान न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की जुड़वां इमारतों से टकराए, एक विमान पेंटागन से और चौथा विमान पेंसिल्वेनिया में गिरा।

### शेख हसीना के दिल्ली कार्यक्रम से बांग्लादेश नाराज, भारत पर लगाए गंभीर आरोप

बांग्लादेश सरकार ने शनिवार को कहा कि वह इस बात से हैरान और नाराज है कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को नई दिल्ली में एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित करने की अनुमति दी गई। ढाका से जारी एक प्रेस रिलीज में बांग्लादेश सरकार ने कहा कि शेख हसीना के बयान देश की शांति, सुरक्षा और लोकतांत्रिक बदलाव के लिए खतरा हैं। सरकार का कहना है कि शेख हसीना को इंटरनेशनल क्राइम्स ट्राइब्यूनल ने मानवता के खिलाफ अपराधों में दोषी ठहराया है।

बयान के मुताबिक, शेख हसीना ने 23 जनवरी को दिल्ली में हुए एक कार्यक्रम में बांग्लादेश की मौजूदा सरकार को हटाने की अपील की और अपनी पार्टी के समर्थकों और आम लोगों को हिंसा और आतंकी गतिविधियों के लिए उकसाया। बांग्लादेश सरकार का आरोप है कि उनका मकसद आगामी आम चुनावों को बिगाड़ना है। बांग्लादेश सरकार ने कहा कि वह इस बात से बहुत आहत है कि भारत ने बार-बार अनुरोध करने के बावजूद शेख हसीना को डिपोर्ट नहीं किया। इसके बजाय, उन्हें भारतीय जमीन से ऐसे बयान देने की अनुमति दी गई, जो बांग्लादेश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया और शांति के लिए खतरा हैं।

सरकार ने कहा कि दिल्ली में इस कार्यक्रम की अनुमति देना और शेख हसीना को ऐसा भाषण देने देना देशों के बीच संबंधों के नियमों के खिलाफ है। इसमें संप्रभुता का सम्मान, एक-दूसरे के मामलों में दखल न देना और अच्छे पड़ोसी जैसे सिद्धांत शामिल हैं। बांग्लादेश ने इसे अपनी जनता और सरकार का अपमान बताया। बयान में कहा गया कि यह घटना भारत और बांग्लादेश के रिश्तों के लिए खतरनाक मिसाल बन सकती है और भविष्य में दोनों देशों के संबंधों को गंभीर नुकसान पहुंचा सकती है। बांग्लादेश सरकार ने शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग पर भी निशाना साधा और कहा कि पार्टी नेतृत्व के ऐसे बयान बताते हैं कि अंतरिम सरकार ने उसकी गतिविधियों पर प्रतिबंध क्यों लगाया। सरकार ने कहा कि चुनाव से पहले या मतदान के दिन अगर कोई हिंसा या आतंकी घटना होती है, तो उसकी जिम्मेदारी अवामी लीग की होगी और सरकार ऐसी किसी भी साजिश को नाकाम करने के लिए कार्रवाई करेगी।

### अमेरिकी अधिकारी ने मिनियापोलिस में एक और व्यक्ति को गोली मारी; गवर्नर बोले- ट्रम्प कार्रवाई बंद करें


अमेरिका के मिनेसोटा राज्य के मिनियापोलिस शहर में शनिवार को इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट (क्ळए) के एजेंट ने एक व्यक्ति को गोली मारी, जिससे उसकी मौत हो गई। अस्पताल रिकॉर्ड के अनुसार मृतक 37 साल का था। घटना के पूरे हालात अभी स्पष्ट नहीं हैं। मिनेसोटा के गवर्नर टिम वाल्ज ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि घटना के बाद उन्होंने व्हाइट हाउस से संपर्क किया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से राज्य में चल रहे इमिग्रेशन क्रैकडाउन को खत्म करने की अपील की है। इस तरह की कार्रवाई से हालात और तनावपूर्ण हो रहे हैं।

### बांग्लादेश में एक और हिंदू युवक की जिंदा जलाकर हत्या; दुकान के अंदर जला शव मिला

बांग्लादेश के नरसिंदी जिले में एक और हिंदू युवक की जिंदा जलाकर हत्या का मामला सामने आया है। 23 साल के चंचल चंद्र भौमिक का जला हुआ शव शुक्रवार रात एक दुकान के अंदर मिला। परिवार ने इसे सुनियोजित हत्या बताया है। घटना नरसिंदी शहर के पुलिस लाइंस से सटे मस्जिद मार्केट इलाके में हुई। चंचल जिस गैराज में काम करता था, उसी के अंदर उसका शव मिला। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। और उउळश फुटेज खंगाले जा रहे हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, घटना के वक्त चंचल गैराज के अंदर सो रहा था। रात के समय किसी ने बाहर से शटर पर पेट्रोल डाला और आग लगा दी। आग तेजी से अंदर फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि चंचल आग में फंसा रहा और काफी देर तक तड़पता रहा।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## वर्ग पहेली




**बाएं से दाएं**

1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक उंचाई-2
6. पाचन शक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-4
26. दया-3

**ऊपर से नीचे**

1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

**पिछले वर्ग पहेली का हल**



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 100 | | 4 | | 2 | | 30 | = | 20 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 30 | | 2 | | 2 | | 20 | = | 50 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 25 | | 5 | | 2 | = | 60 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 2 | | 20 | | 3 | | 4 | = | 23 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 10 | | 11 | | 15 | | 16 | = | 33 / 22 |


## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मी | रा | कु | मा | र | अ | फ | न | प | रा |
| न | ला | क | प | ई | डे | र्जु | शि | या | इ | म |
| अ | दा | म | ला | र | ग | न | द | द | प | वि |
| प्र | ग | ल | न | व | दू | सिं | प | या | लि | ला |
| त | ण | अ | सौ | थी | जा | ह | कि | नि | ला | स |
| आ | इ | व | मो | य | आ | व | त | धि | लू | पा |
| ग | जी | ल | मु | व | प | जा | न | मा | प्र | स |
| र | रि | भा | र | ख | प | स | द | र | सा | वा |
| क | म | ल | ना | थ | र्जी | ज | जी | न | द | न |
| न | ट | व | र | सिं | ह | ग्रा | र | अ | प | श |
| य | शि | या | जी | पा | टि | ल | ता | प | क | र |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | |
| | 1 | 6 | | | 2 | |
| 6 | 37 | 3 | 34 | 1 | 25 | 5 |
| | 7 | | 6 | | 2 | |
| | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| | 3 | | 4 | | 6 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

मोन्टू : तुम्हारी आँख क्यों सूजी हुई है ?
बन्टू : कल मैं अपनी पत्नी के जन्मदिन पर केक लेकर गया था
मोन्टू : लेकिन इसका आँख सूजने से क्या संबंध है?
बन्टू : मेरी पत्नी का नाम तपस्या है लेकिन केक वाले बेवकूफ दुकानदार ने लिख दिया हैप्पी बर्थडे समस्या...

00000

दुकानदार : मैंने आपको दुकान की एक-एक चप्पल दिखा दी, अब तो एक भी बाकी नहीं है।
महिला : वो सामने वाले डिब्बे में क्या है?
दुकानदार : बहन, रहम कर थोड़ा, उसमें मेरा लंच है...

00000

साइकिल वाले ने एक आदमी को टक्कर मार दी और बोला भाईसाहब आप बहुत किस्मत वाले हो
आदमी : एक तो तूने मुझे टक्कर मारी और ऊपर से मुझे किस्मत वाला कह रहे हो ?
साइकिल वाला : आज छुट्टी है तो साइकिल चला रहा हूँ नहीं तो मैं ट्रक चलाता हूँ


00000

दो पड़ोसन आपस में बात कर रही थी
पहली पड़ोसन: तुम्हे पता है 24 साल तक मेरे कोई औलाद नहीं हुई
दूसरी पड़ोसन : तो फिर तूने क्या किया
पहली पड़ोसन : जब मैं 24 साल की हुई तब घरवालों ने जाके मेरी शादी करवाई फिर कहीं जाकर मुन्ना हुआ...
दूसरी पड़ोसन आईसीयू में भर्ती है

00000

## रंग भरकर चित्र बनाओ





## हरिद्वार में शंकराचार्य के समर्थन में लोगों ने कराया मुंडनः पूर्व मेयर पति बोले- सरकार गुंडागर्दी पर उतारू, ब्राह्मणों पर अत्याचार हो रहे

# अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा- प्रशासन पर केस करूंगाः द्वारका के शंकराचार्य बोले- शासन अहंकारी



स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने प्रयागराज प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर उनको दिया गया नोटिस वापस नहीं लिया तो वह मानहानि का केस करेंगे।

प्रशासन के नोटिस के जवाब में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने मंगलवार रात करीब 10 बजे अपने प्रतिनिधि के हाथों 8 पन्नों का जवाब मेला प्रशासन के कार्यालय भिजवाया। कोई नहीं मिला तो प्रशासन स्टाइल में नोटिस का जवाब चस्पा कर दिया।हालांकि बाद में रऊ्ट ने उसे हटवा दिया। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने अपना जवाब ई-मेल के जरिए भी भेजा है। इसमें नोटिस को मनमाना, दुर्भावनापूर्ण और असंवैधानिक बताया।

अविमुक्तेश्वरानंद ने लिखा- सुप्रीम कोर्ट ने ऐसा कोई आदेश नहीं दिया है, जिससे मुझे शंकराचार्य पद पर बने रहने से रोका गया हो। मामला कोर्ट में विचाराधीन है, इसलिए किसी भी तीसरे पक्ष को टिप्पणी करने या रोक लगाने का अधिकार नहीं है।

दरअसल, मंगलवार को मेला प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट के 14 अक्टूबर 2022 के एक आदेश का हवाला देते हुए नोटिस जारी कर पूछा था कि उन्होंने खुद को शंकराचार्य कैसे घोषित कर लिया।

### द्वारका पीठ के शंकराचार्य बोले- यह गो हत्या जैसा पाप

द्वारका पीठ के शंकराचार्य स्वामी सदानंद महाराज ने अविमुक्तेश्वरानंद को मौनी अमावस्या पर स्नान करने से रोके जाने की निंदा की। उन्होंने कहाझ

द४ङ्क३ीर्कें

प्रशासन को माफी मांगनी चाहिए। ब्राह्मणों को पुलिस ने चोटी पकड़कर घसीटा। यह शासन का अहंकार है। सत्ता हर दिन नहीं रहेगी। गंगा स्नान से रोकने वालों को गो हत्या का पाप लगता है। बता दें कि सदानंद महाराज और अविमुक्तेश्वरानंद, स्वरूपानंद सरस्वती के शिष्य हैं। उनके निधन के बाद दोनों एक साथ शंकराचार्य बने थे।

रामभद्राचार्य बोले- अविमुक्तेश्वरानंद ने अन्याय किया जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कहा कि अविमुक्तेश्वरानंद के साथ अन्याय नहीं हुआ। अन्याय तो उन्होंने किया है। स्नान के लिए गंगा तक पालकी से जाने का नियम नहीं है। हम लोग भी पैदल ही जाते हैं। सरकार ने उन्हें खुद को शंकराचार्य साबित करने के लिए बिल्कुल सही नोटिस जारी किया है।



## पूर्व मेयर के पति बोले- शंकराचार्य के साथ व्यवहार निंदनीय, प्रशासन माफी मांगे

प्रयागराज में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के साथ हुई धक्कामुक्की और ब्राह्मणों के साथ हुई मारपीट के विरोध में उत्तराखंड के संत समाज में आक्रोश है। इसी कड़ी में शंकराचार्य के समर्थन में आज हरिद्वार में ब्राह्मण समाज के तीन लोगों ने अपना मुंडन करवाकर विरोध दर्ज किया, इस दौरान कई कांग्रेसी नेता भी प्रदर्शन मे शामिल रहे। मुंडन कराने वालों में हरिद्वार की पूर्व मेयर अनीता शर्मा के पति अशोक शर्मा भी थे। मुंडन के बाद उन्होंने कहा, सरकार गुंडागर्दी पर उतारू है, होना तो ये चाहिए था कि सरकार के लोग जाते और शंकराचार्य के साथ बातचीत करते उन्हें स्नान कराते, लेकिन सरकार अपने घमंड में है। ब्राह्मणों पर अत्याचार हो रहे हैं।

रविवार (मौनी अमावस्या के दिन) को शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पालकी में स्नान करने जा रहे थे। पुलिस ने उन्हें रोका और पैदल जाने को कहा। विरोध करने पर शिष्यों से धक्का-मुक्की हुई। शिष्यों से मारपीट और पालकी रोके जाने से नाराज अविमुक्तेश्वरानंद अपने शिविर के बाहर धरने पर बैठ गए। सोमवार रात 12 बजे कानूनगो अनिल कुमार माघ मेला में शंकराचार्य के शिविर पहुंचे। उन्होंने शंकराचार्य के शिष्यों से नोटिस लेने के लिए कहा। शिष्यों ने नोटिस लेने से मना कर दिया। कहा- इतनी रात में कोई नहीं हैं। सुबह आइएगा। कानूनगो अनिल कुमार मंगलवार सुबह फिर शंकराचार्य शिविर पहुंचे। वहां गेट पर नोटिस चस्पा कर दिया। नोटिस मेला प्राधिकरण के उपाध्यक्ष की ओर से जारी किया गया है। ज्योतिषपीठ में शंकराचार्य की पदवी को लेकर अविमुक्तेश्वरानंद और वासुदेवानंद के बीच विवाद है। मामला कोर्ट में विचाराधीन है। प्रयागराज माघ मेले में मौनी स्नान के दौरान स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के शिष्यों और पुलिस में झड़प हो गई। प्रयागराज माघ मेले में मौनी के दौरान स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के शिष्यों और पुलिस में झड़प हो गई।

मुंडन कराने के बाद ब्राह्मण समाज के रणवीर शर्मा ने कहा- स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का जी को जो अपमान हुआ है, ब्राह्मण बटुकों के साथ जो मारपीट हुई है। उसके विरोध में हमने मुंडन करवाया है, हिंदुस्तान के अंदर गंगा स्नान के लिए भी परमिशन की जरूरत पड़ रही है ये शर्म की बात है, ब्रहाम्णों के साथ जो प्रयोगराज में घटना हुई है वो निंदनीय है और इसी के विरोध में हमने आज मुंडन करवाया है।

प्रदर्शन के दौरान बातचीत करते हुए पूर्व मेयर अनीता शर्मा के पति और कांग्रेस नेता अशोक शर्मा ने कहा कि प्रयागराज में योगी सरकार के रहते जगतगुरु शंकराचार्य के साथ जिस तरह का व्यवहार किया जा रहा है, वह निंदनीय है। उनका आरोप है कि भाजपा सरकार में ब्राह्मणों का लगातार शोषण हो रहा है और प्रशासन अभी भी हठधर्मिता पर उतरा हुआ है।



## कौन हैं शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती

**15 अगस्त 1969**

उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ में जन्म, मूल नाम उमाशंकर

**1977-1982**

गुजरात में महाराजा सयाजीराव यूनिवर्सिटी में रहकर 5 साल तक शिक्षा ली

**1982**

- गुजरात से काशी (वाराणसी) पहुंचे
- स्वामी **स्वरूपानंद सरस्वती** से पहली मुलाकात हुई, जो उनके गुरु बने
- बजोरिया संस्कृत कॉलेज में दाखिला लिया



**1982-1990**

- वाराणसी के **संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय** से शास्त्री और आचार्य की डिग्री हासिल की
- वेदांत, व्याकरण, ज्योतिष और हिंदू दर्शन पर गहन अध्ययन
- स्वामी स्वरूपानंद के साथ रहकर धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय हुए



**2006**

- स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती से संन्यास दीक्षा ली
- नाम बदलकर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती रखा गया

**11 सितंबर 2022**

- गुरु स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती का निधन
- उनकी वसीयत के आधार पर ज्योतिर्मठ पीठ के उत्तराधिकारी घोषित हुए
- पट्टाभिषेक की तैयारी शुरू, लेकिन विवाद उभरा

**15 अक्टूबर 2022**

- **सुप्रीम कोर्ट** ने पट्टाभिषेक पर अंतरिम रोक लगा दी
- स्वामी गोविंदानंद सरस्वती की याचिका पर सुनवाई, जिसमें नियुक्ति को चुनौती दी गई



■ वर्ष-12 अंक-85 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, सोमवासरः 26 जनवरी, 2026

## सुभाषितानि

वैनतेय सोमं पिब सोमं पिबतु वृत्रहा।
सोमं धनस्य सोमिनो मह्यं ददातु सोमिनः॥

**भावार्थ** : हे गरुड़ ! आप सोमपान करें। वृत्रासुर के विनाशक इन्द्र सोमपान करें। वे गरुड तथा इन्द्र धनवान सोमपान करने की इच्छा वाले के सोम को मुझ सोमपान की अभिलाषा वाले को प्रदान करें।

धनमग्निर्धनं वायुर्धनं सूर्यो धनं वसुः।
धनमिन्द्रो बृहस्पतिर्वरुणो धनमश्विना॥

**भावार्थ** : अग्नि, वायु, सूर्य, वसुगण, इन्द्र, बृहस्पति, वरुण तथा अश्विनी कुमार ये सब वैभवस्वरुप हैं।

## भाजपा प्रत्याशी सर्वशक्तिपुरम बिनु 2437 मतैः तृतीयस्थानं प्राप्तवान्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

भाजपा प्रत्याशी सर्वशक्तिपुरम बिनु २४३७ मतैः तृतीयस्थानं प्राप्तवान्। सोमवासरे मतदानं जातम्, प्रतियोगिता च समीपे एव भविष्यति इति अपेक्षा आसीत्। भाजपायाः बहुमतस्य स्वप्नः अपूर्णः एव अस्ति एतेन परिणामेण १०१ सदस्यीयनगरनिगमस्य भाजपायाः गणना ५० एव वर्तते। साधारणबहुमतस्य कृते ५१ आवश्यकाः अधुना निगमे बहुमतं स्थापयितुं भाजपायाः स्वतन्त्रपार्षदस्य पी.राधाकृष्णनस्य समर्थनस्य उपरि अवलम्बनं कर्तव्यं भविष्यति। अद्यतनस्थानीयनिकायनिर्वाचने भाजपायाः ऐतिहासिकविजयस्य अनन्तरं एतत् उपनिर्वाचनं महत्त्वपूर्णं मन्यते स्म। पराजयेन दलस्य रणनीत्याः विषये प्रश्नाः उत्पन्नाः सन्ति। यूडीएफ बलं प्राप्नोति विझिन्जाम-नगरे विजयेन यूडीएफ-सङ्घः नगरनिगमस्य उपस्थितिं सुदृढं कृतवान्।

## सम्पादकीयम्

### दुर्लभपृथिवीषु नेत्रम्

फलतः केटी मिलर इत्यस्याः एते आक्षेपार्हाः सन्देशाः अस्य परिणामः एव। दुर्लभपृथिवीषु नेत्रम्। ट्रम्पः विश्वं व्यापारदृष्ट्या पश्यति। सः वेनेजुएलादेशं तस्य तैलसञ्चयस्य कारणेन इच्छति, ग्रीनलैण्ड्देशं च दुर्लभपृथिवीभण्डारस्य कारणात् इच्छति। एतदेव चीनदेशेन सह व्यापारयुद्धे अमेरिकादेशं जीवितुं न शक्नोति। गतवर्षे यदा ट्रम्पः शुल्कं वर्धितवान् तदा चीनदेशः दुर्लभपृथिवीखनिजानां आपूर्तिं अवरुद्धय प्रतिकारं कृतवान्। कुण्ठितः अमेरिकादेशः वार्तामेजस्य समीपम् आगन्तुं बाध्यः अभवत्। अद्यत्वे विश्वस्य ९०% दुर्लभपृथिव्याः आवश्यकताः चीनदेशात् आगच्छन्ति, अमेरिकादेशस्य टेक, ऑटो, रक्षाउद्योगाः च तस्मिन् आश्रिताः सन्ति। मित्रराष्ट्रानां हानिः। ट्रम्पः अस्मिन् विषये चीनस्य वर्चस्वं न्यूनीकर्तुं इच्छति, परन्तु स्वस्य मित्रराष्ट्रान् आहतं करोति। द्वितीयवारं सत्तां स्वीकृत्य सः समीपस्थं कनाडादेशं अमेरिकीक्षेत्रं कर्तुं स्वस्य इच्छां प्रकटितवान्। ततः यूरोपसम्बद्धानि नीतयः परिवर्तन्ते स्म। डेन्मार्कदेशः, यः देशः तस्य कर्मचारी आक्रामकरूपेण लक्ष्यं करोति, सः एव नाटो-सदस्यः अस्ति, तस्य रक्षणं च अमेरिका-देशस्य दायित्वम् अस्ति। विश्वसनीयता दावपेक्षया। एतादृशाः सन्देशाः केवलं अधरसेवायाः परं गच्छन्ति; तेषां गहनाः कूटनीतिकप्रभावाः सन्ति। रूसदेशः युक्रेनदेशं विलीनं कर्तुं चीनदेशं च ताइवानदेशं विलीनं कर्तुं न शक्नोति इति निवारयितुं अमेरिकादेशः आवश्यकं नैतिकं अधिकारं नष्टं कुर्वन् अस्ति।

#### याचिकायां क्षतिपूर्तिराशिविषये विस्तृतगणना अपि प्रदत्ताः सन्ति

## मस्कस्य तर्कः अस्ति यत् कम्पनीयाः पुनर्गठनेन, माइक्रोसॉफ्ट् इत्यस्य




ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

एतत् अनुमानं वित्तीयविशेषज्ञस्य उ. ढंथ' श्लल इत्यस्य गणनायाम् आधारितम् अस्ति । वाजोन इत्यस्य मते यदि ओपनएआइ इत्यनेन स्वस्य अलाभकारी चरित्रं निर्वाहितम् आसीत् तर्हि मस्क इत्यादीनां प्रारम्भिकनिवेशकानां मार्गदर्शकानां च लाभस्य उचितभागः प्राप्तव्यः आसीत् । मस्कस्य तर्कः अस्ति यत् कम्पनीयाः पुनर्गठनेन, माइक्रोसॉफ्ट् इत्यस्य प्राथमिकव्यापारसाझेदारत्वेन नियुक्त्या च महती आर्थिकहानिः अभवत् ।

याचिकायां क्षतिपूर्तिराशिविषये विस्तृतगणना अपि प्रदत्ताः सन्ति । वाजोन इत्यस्य मते ओपनएआइ इत्यस्य ६५.५ बिलियन डॉलरतः १०९.४३ बिलियन डॉलरपर्यन्तं अनुचितं लाभः प्राप्तः, माइक्रोसॉफ्ट इत्यस्य १३.३ बिलियन डॉलरतः २५.०६ बिलियन डॉलरपर्यन्तं लाभः प्राप्तः मस्कः दावान करोति यत् एते लाभाः तस्य योगदानस्य, मूलसम्झौतेः शर्तानाम् च विरुद्धं प्राप्ताः । अस्य आधारेण सः उभयोः कम्पनीभ्यः ७९ अब्ज डॉलरतः १३४ अब्ज डॉलरपर्यन्तं क्षतिपूर्तिं याचते ।

मस्कस्य वकीलः स्टीवन मोलो न्यायालये तर्कितवान यत् स्टार्टअपनिवेशस्य दृष्ट्या प्रकरणं द्रष्टव्यम् इति । सः अवदत् यत् कस्मिन् अपि स्टार्टअप-संस्थायां प्रारम्भिकनिवेशकः सर्वाधिकं जोखिमं वहति, यदि कम्पनी असाधारणं सफलतां प्राप्नोति तर्हि प्रारम्भिकनिवेशकस्य आनुपातिकं लाभं प्राप्तुं स्वाभाविकम् मोलो इत्यस्य मते मस्क इत्यस्य साझेदारीद्वारा ओपनएआइ-माइक्रोसॉफ्ट्-योः असाधारणवित्तीयलाभानां क्षतिपूर्तिः करणीयः, यतः सः न केवलं धनं निवेशितवान अपितु तान्त्रिकव्यापारमार्गदर्शनमपि दत्तवान मुकदमा केवलं धनस्य विषये एव नास्ति। एआइ-भविष्यस्य विषये वैचारिकविग्रहेषु अपि केन्द्रम् अस्ति इति विशेषज्ञाः वदन्ति । मस्कः एआइ-इत्यस्य अनियंत्रितविकासस्य विरुद्धं चिरकालात् चेतावनीम् अददात्, तस्य मतं च यत् एतत् प्रौद्योगिकी पारदर्शीरूपेण उत्तरदायीरूपेण च विकसितव्या, मानवतायाः हिताय। इदानीं ओपनएआइ, माइक्रोसॉफ्ट इत्येतयोः तर्कः अस्ति यत् बृहत्-परिमाणस्य एआइ-प्रतिमानस्य विकासाय महत्त्वपूर्णनिवेशः, निगमसाझेदारी च आवश्यकी अस्ति । एतत् कानूनीयुद्धं पूर्वमेव टेक मार्केट् इत्यस्य निवेशकानां च ध्यानं आकर्षितवान् अस्ति । विशेषज्ञाः मन्यन्ते यत् यदि न्यायालयः मस्कस्य दावान आंशिकरूपेण अपि स्वीकुर्वति तर्हि न केवलं ओपनएआइ तथा माइक्रोसॉफ्ट इत्येतयोः उपरि महत्त्वपूर्णः आर्थिकः प्रभावः भविष्यति, अपितु एआइ स्टार्टअप्स इत्यस्य संरचनायाः

#### भुवनेश्वरविमानस्थानकेरेडिट्

## इत्यस्य सतर्कता : दिल्लीयात्रीं प्रति नष्टाः स्मार्टचक्षुः प्रत्यागताः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

केन्द्रीय औद्योगिकसुरक्षाबलेन पुनः एकवारं विमानस्थानकेषु यात्रिकाणां सुरक्षा, सुविधा, विश्वासः च सुनिश्चित्य स्वस्य भूमिकायाः प्रशंसा अर्जिता अस्ति। सुरक्षापरीक्षायाः समये आकस्मिकतया त्यक्तस्य महत् स्मार्टचक्षुः बोर्डिंगगेट् इत्यत्र सुरक्षितरूपेण प्रत्यागत्य भुवनेश्वरविमानस्थानके नियोजितानां सीआईएसएफ-कर्मचारिणां शीघ्रतायाः, ईमानदारीयाश्च प्रशंसाम् अकरोत्।

दिल्लीनगरस्य यात्री शुभेन्दुः सामाजिकमाध्यममञ्चे (पूर्वं ट्विट्) इत्यत्र सम्पूर्णं अनुभवं साझां कृतवान्, यत् शीघ्रमेव कर्षणं प्राप्तवान्। शुभेन्दु इत्यस्य मते अपराह्णे एव एषा घटना अभवत् यदा सः त्वरितरूपेण सुरक्षापरीक्षां सम्पन्नं कृत्वा सीधा बोर्डिंगगेट प्रति अगच्छत्। त्वरया सः सुरक्षापरीक्षाक्षेत्रे स्वस्य स्मार्ट-धूपचक्षुः त्यक्तवान्, तस्य घटनायाः विषये अनभिज्ञः।

शुभेन्दुः व्याख्यातवान् यत् बोर्डिंग् प्रक्रिया आरब्धमात्रेण बोर्डिंग् गेट् इत्यत्र स्थितः सीआईएसएफ-कर्मचारिणः तं निवारयित्वा पृष्टवान् यत् सः कुत्रचित् चक्षुः त्यक्तवान् वा इति। सः आश्चर्यचकितः अभवत्, केवलं स्मरणं यत् तस्य पुटके तानि नास्ति इति। सीआईएसएफ-कर्मचारिणः तस्य चक्षुषः विषये पृष्टवन्तः, तस्मै शुभेन्दुः उत्तरं दत्तवान् यत् ते रे-बैन् मेटा स्मार्ट-चक्षुषः सन्ति, ये भूरेण आवरणे स्थापिताः सन्ति। एतां सूचनां पुष्ट्य सीआइएसएफ-कर्मचारिणः तं पुनः सुरक्षानिरीक्षणस्थानं प्रति अनुसृत्य तस्य चक्षुषः प्रत्यागतवन्तः, ये तत्र सुरक्षितरूपेण संगृहीताः आसन्। शुभेन्दुः स्वस्य पोस्ट् मध्ये लिखितवान् यत् इत्यस्य शीघ्रता, उत्तरदायित्वं च यथार्थतया प्रशंसनीयम् अस्ति।

## राशिफल

**मेष** : आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मौसम का लुत्फ उठाने के लिए अप लॉन्ग ड्राइव पर भी जा सकते हैं।

**वृषभ** : कल के दिन क्रोध से बचें। बातचीत में संतुलित रहें। पैसों के मामले में किसी चुनौती को आप अच्छे से संभाल लेंगे।

**मिथुन** : परिस्थितियां अभी भी प्रतिकूल हैं। कोई रिस्क न लें। व्यापार भी अच्छा रहेगा। पूंजी का निवेश न करें।

**कर्क** : आपके प्रयास किसी प्रोजेक्ट को पूरा करने में सफल रहेंगे। कल के दिन आपका साथी अपने दिल की बात आपसे कर सकता है।

**सिंह** : बच्चों की सेहत पर थोड़ा ध्यान रखें। स्वास्थ्य अच्छा है लेकिन थोड़ी सी नरम गरम स्थिति रहेगी।

**कन्या** : बेहतर होगा कि किसी भी वित्तीय विवाद में न पड़ें क्योंकि हो सकता है कि इसका निवारण आपके पक्ष में न हो।

**तुला** : रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। आनंददायक जीवन बना रहेगा बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा।

**वृश्चिक** : लंबे समय से बिछड़े दोस्तों से मुलाकात होना संभव है। ट्रैवल करने वालों को दिन को रोमांचक बनाने पर ध्यान देना चाहिए।

**धनु** : साथी के साथ गलतफहमी सुलझाने के लिए बात करें। सेहत के मामले में सावधानी बरतना फायदेमंद साबित हो सकता है।

**मकर** : सिक्योर इन्वेस्टमेंट में पैसा लगाना सही दिशा में उठाया गया कदम साबित हो सकता है।

**कुंभ** : ट्रैवल करने वालों के लिए कल का दिन अच्छा रहेगा। कुछ लोगों को संपत्ति या धन विरासत में मिल सकता है।


**मीन** : कम से कम विवाद होने की संभावना है। ऑफिस में किसी प्रोजेक्ट पर बारीकी से निगरानी करने की जरूरत पड़ सकती है।

卐 卐 卐 ज्योतिष/वास्तु 卐 卐 卐

## लक्ष्मी नारायण योग से इन राशि वालों को मिलेगा प्रमोशन, मनचाही यात्रा के बनेंगे योग

जल्द लक्ष्मी नारायण योग का निर्माण होने वाला है, जो बुध-शुक्र की युति से बनेगा। यह बेहद शुभ और कल्याणकारी होता है। इसका प्रभाव जातकों के धन-धान्य में वृद्धि करता है।

ज्योतिषियों के मुताबिक, सभी ग्रह समय-समय पर अन्य ग्रहों के साथ युति निर्माण करते हैं। इसके प्रभाव से कई शक्तिशाली राजयोग बनते हैं, जिसका खास प्रभाव 12 राशियों संग देश-दुनिया पर दिखाई देता है। इन्हीं में लक्ष्मी नारायण योग भी शामिल है, जो बुध-शुक्र के किसी एक राशि में होने पर बनता है। जल्द यह राजयोग शनि की राशि कुंभ में बनने जा रहा है। दरअसल, 3 फरवरी को राजकुमार बुध कुंभ में गोचर करेंगे। फिर 6 फरवरी



शुक्र भी इस राशि में अपना स्थान लेंगे। ऐसे में दोनों युति से लक्ष्मी नारायण योग का शुभ संयोग बनेगा, जो कुछ राशियों के लिए लाभकारी साबित हो सकता है। इससे जातकों को नौकरी के नए अवसर, व्यापार में धन लाभ और घर-वाहन आदि का सुख प्राप्त हो सकता है। ऐसे में आइए इन लकी राशियों के नाम जान लेते हैं।

**मेष राशि-** लक्ष्मी नारायण योग आपके लिए लकी हो सकता है। नई नौकरी की तालाश समाप्त होगी और जीवन में सकारात्मक बदलाव आएंगे। नौकरी कर रहे लोगों को कोई बड़ा प्रोजेक्ट या काम मिल सकता है। अविवाहित लोगों को इस अवधि में विवाह के प्रस्ताव मिलने के योग बनेंगे। पार्टनर से संबंध मधुर होगा और रिश्तों में चल रही अनबन समाप्त होती हुई नजर आएंगी।। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा रहने वाला है। कार्यस्थल पर आपके प्रयासों को सराहा जाएगा। पिता के साथ संबंध भी मधुर और सुदृढ़ रहेंगे।

**सिंह राशि-** लक्ष्मी नारायण योग से सिंह राशि वालों को विशेष फलों की प्राप्ति होने की पूरी संभावनाएं हैं। अपने प्रिय साथी के साथ बेहतरीन समय बिताएंगे। व्यवसाय कर रहे लोगों को मुनाफा कमाने का अवसर मिलेगा। आपके घर में सुख-शांति और समृद्धि का माहौल बना रहेगा। सरकारी नौकरी से जुड़े लोगों को बड़ा पद मिल सकता है। नए काम या प्रोजेक्ट्स में सफलता मिलने के संकेत हैं। यदि निवेश किया था, तो अब अच्छा रिटर्न आप हासिल करेंगे।

**कुंभ राशि-** कुंभ राशि वालों के लिए समय खास रहेगा, क्योंकि घर में मांगलिक कार्य होंगे। नौकरी मिलने के अच्छे अवसर नजर आ रहे हैं। महत्वपूर्ण कार्यों और लक्ष्यों को हासिल करने में आपको सफलता मिलेगी। इस समय कुंभ राशि वालों के भाग्य में वृद्धि होगी। रोजी-रोजगार के क्षेत्र से जुड़े लोगों को मनचाहे अवसर हासिल होने के योग है। घर परिवार से आपको बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। यह योग आपके जीवन में सुख, समृद्धि और स्थिरता बढ़ाएगा।

## ग्राम पंचायत चंदेसरा की ओर से 26 जनवरी की हार्दिक शुभकामनाएं



सरपंच पदम पटेल

## ग्राम पंचायत सेमलिया की ओर से 26 जनवरी की हार्दिक शुभकामनाएं



सरपंच
संतोष

सचिव
राधेश्याम जाट

## ग्राम पंचायत पिपलिया राघो की ओर से 26 जनवरी की हार्दिक शुभकामनाएं



सरपंच
शिव पाटीदार

## सभी शहरवासी एवं ग्रामवासियों को 26 जनवरी की हार्दिक शुभकामनाएं



सहायक सचिव
रमेश पालनपुरा





सचिव
श्री तूफान सिंह चौहान



सहायक सचिव
श्री रमेश पालनपुरा


सरपंच
श्री शालिग्राम बिसावत

सरपंच
शालिग्राम बिसावत

एवं समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत कढ़ाई

Ambika Greens

की प्री-लॉचिंग में आप सभी सादर आमंत्रित हैं
समय : दोपहर 12.30 से 4 बजे तक




गणतंत्र दिवस ऑफर
मात्र 51 हजार में बुकिंग कराएं
और पाएं 101 रुपए प्रति स्क्वायर फीट का डिस्काउंट

Ambika Greens
इंदौर-उज्जैन (6 Lane) हाई-वे के पास...

REGISTERED RERA PROJECTS

Ambika Valley
उज्जैन-देवास (4 Lane) के पास....

विशेषताएं
- पूर्णत: वैध
- क्लब हाउस
- मंदिर
- कॉलोनी में उत्तम प्रकाश की व्यवस्था




प्रीमियम लोकेशन पर प्लॉट सस्ते दामों पर

*हम बनाते हैं आपके सपनों का आशियाना...*

*भविष्य में निवेश करें.... आज ही अपना सपनों का घर बनाएं।*

Project by- KALAVATI DEVELOPERS
1st Floor Sunshine Tower, Infront of SN krishna hospital, Teen Batti Chouraha, Ujjain
9522972000, 9425096000, 9406688882, 9926018016


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com